दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, शुक्रवार 30 अप्रैल 2021, शुक्लपक्ष-ससमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-82 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आज जब पूरे देश में कोरोना ने कोहराम मचा रखा है और आम जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है तो जनता के नुमाइंदे गधे के सिर से सिंग की तरह गायब हो गए है। खुद को जनता का सेवक बताने वाले अधिकांश माननीय लापता हो गए है। यह ठीक है कि डर सबको लगता है और अपनी जान सबको प्यारी होती है लेकिन जब जनता की जान पर आ बनी हो तो ऐसी स्थिति में नेताओं का शुतुरमुर्ग बन जाना शर्मनाक है। मुसीबत के समय लोगों को उनके हाल पर छोड़कर अपने आलीशान भवनों में दुबक जाने वाले ऐसे नेताओं को जनता कभी माफ नहीं करेगी। वक्त आने पर उनका पूरा हिसाब करेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन को लिखा पत्र

संक्रमण के उपचार में आने वाली दवाओं को आवश्यक वस्तु करें अधिसूचित

■ **जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने में मिलेगी मदद**



रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कोविड-19 संक्रमण के प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाओं की अधिसूचना के सम्बंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री हर्षवर्धन को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेखित है कि देश के बाकी प्रदेशों की तरह छत्तीसगढ़ में भी कोविड-19 की द्वितीय लहर के अंतर्गत संक्रमण के मामलों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस महामारी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 25 अप्रैल 2021 तक के 6,52,362 मामले दर्ज किए गए हैं।

आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 अंतर्गत औषधियों को आवश्यक वस्तुओं में शामिल किया गया है। औषधि का अर्थ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत अधिसूचित औषधियों से है।

भारत सरकार ने इससे पहले भी कोविड-19 से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मास्क (2 और 3 प्लाई सर्जिकल मास्क एवं एन 95 मास्क) एवं हैंड सेनेटाइजर को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत अधिसूचित (भारत सरकार अधिसूचना दिनांक 13 मार्च, 2020) किया था जिससे महामारी की पहली लहर से निपटने में अत्यंत सहायता हुई।

इन औषधियों की बड़ी मांग

कोविड-19 की वजह से प्रदेश में बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर मरीजों के उपचार हेतु रेमेडिसिविर इंजेक्शन, आइवरमेक्टिन टैबलेट्स, एनोक्सापारिन इंजेक्शन, डेक्सामेथासोन टैबलेट एवं इंजेक्शन, टोसीलीजुमब इंजेक्शन और फेविपिराविर कैप्सूल की मांग बढ़ गयी है। इन औषधियों की बड़ी मांग के कारण इनके जमाखोरी एवं काला बाजारी की शिकायतें भी लगातार प्राप्त हो रही है जिसकी वजह से मरीजों के उपचार में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार ने उपरोक्त औषधियों की काला बाजारी को रोकने के कई निर्णायक कदम उठाए हैं।

■ **रेमेडिसविर इंजेक्शन, आइवरमेक्टिन टैबलेट्स, एनोक्सापारिन इंजेक्शन, डेक्सामेथासोन टैबलेट एवं इंजेक्शन, टोसीलीजुमब इंजेक्शन और फेविपिराविर कैप्सूल को करें अधिसूचित**

आवश्यक वस्तुओं को तत्काल अधिसूचित करें

इसमें अस्पतालों में दवाओं के वितरण एवं उपयोग पर लगातार निगरानी, विशेष टास्क फोर्स का गठन, आकस्मिक जाँच एवं काला बाजारी की खबर मिलने पर तत्काल दबिश इत्यादि शामिल हैं। उपरोक्त औषधियों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत अधिसूचित करने से प्रशासन को काला बाजारी रोकने तथा गुणवत्ता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास-खबर

मुफ्त में दी गई 16 करोड़ से अधिक वैक्सीन की खुराकें

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कोरोना वैक्सीन की लगभग 16.16 करोड़ खुराकें अब तक मुफ्त में प्रदान की हैं। इसके अलावा अगले तीन दिनों में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को 20 लाख से अधिक अतिरिक्त खुराकें दी जाएंगी। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने दी कोरोना को मात, डिस्चार्ज

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण एम्स में भर्ती पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को गुरुवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। 88 वर्षीय मनमोहन सिंह को 19 अप्रैल को कोरोना पॉजिटिव होने के बाद एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। डॉ. सिंह कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं।

होम आइसोलेशन वाले कोरोना मरीजों के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की संशोधित गाइडलाइंस

हल्के संक्रमण में रेमडेसिविर की जरूरत नहीं, ऑक्सीजन, भाप, और होम आइसोलेशन पर ले डॉक्टर की सलाह

नई दिल्ली/ए.। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'कोविड-19 के मामूली लक्षण वाले रोगियों के होम आइसोलेशन के लिए नई गाइडलाइंस जारी की है। संशोधित गाइडलाइंस में होम आइसोलेशन में रह रहे माइल्ड इन्फेक्शन वाले मरीजों को रेमडेसिविर इंजेक्शन खरीदने या लगाने की कोशिश नहीं करने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि इसे केवल अस्पताल में ही लगाया जाना चाहिए।

दिशानिर्देश में कहा गया है कि मामूली लक्षण में स्टेरॉयड नहीं दिया जाना चाहिए और 7 दिनों के बाद भी अगर लक्षण बने रहते हैं (लगातार बुखार, खांसी आदि) तो उपचार करने वाले डॉक्टर से विचार-विमर्श कर कम डोज का ओरल स्टेरॉयड लेना चाहिए।

नई गाइडलाइंस में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के रोगी या हाइपरटेंशन, मधुमेह, हृदय रोग, फेफड़ा या लीवर या गुर्दे जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों को चिकित्सक के परामर्श से ही होम आइसोलेशन में रहना चाहिए। ऑक्सिजन सैचुरेशन लेवल में कमी या सांस लेने में दिक्कत आने पर लोगों को अस्पताल में भर्ती होना चाहिए और डॉक्टर से तुरंत परामर्श लेना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि रेमडेसिविर या कोई अन्य जांच थेरेपी चिकित्सक की तरफ से ही दी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पांच दिन हो सकते है लक्षण

संशोधित दिशानिर्देश के मुताबिक रोगी गर्म पानी का कुल्ला कर सकता है या दिन में दो बार भाप ले सकता है। दिशानिर्देश में कहा गया है, 'अगर बुखार पैरासीटामोल 650 एमजी दिन में चार बार लेने से नियंत्रण में नहीं आता है तो चिकित्सक से परामर्श लें, जो अन्य दवाएं जैसे दिन में दो बार नैप्रोक्सेन 250 एमजी लेने की सलाह दे सकता है।' '75 वर्ष से अधिक उम्र वालों घर पर ही लगे टीका' कोविड टीकाकरण को लेकर हाई कोर्ट में पीआईएल दाखिल इसमें कहा गया है, 'आइवरमैक्टीन (प्रतिदिन 200 एमजी प्रति किलोग्राम खाली पेट) तीन से पांच दिन देने पर विचार किया जा सकता है।' उन्होंने कहा कि पांच दिनों के बाद भी लक्षण रहने पर इनहेलेशन बडसोनाइड दिया जा सकता है।

संकट के बीच देश के 22 राज्यों ने केंद्र से मांगी ऑक्सीजन

■ **9 दिनों में बढ़ गई 67 फीसदी डिमांड**

नई दिल्ली/ए.। अप्रैल के महीने में कोरोना ने भारत पर किस कदर सितम ढाया है इसका अंदाजा सिर्फ इससे ही लगाया जा सकता है कि देश में 15 से 24 अप्रैल के बीच यानी 9 दिनों में ही मेडिकल ऑक्सीजन की मांग 67 प्रतिशत बढ़ गई। इतना ही नहीं जहां पहले सिर्फ12 राज्यों को ऑक्सीजन की किल्लत थी तो वहीं अब केंद्र से ऑक्सीजन मांगने वाले राज्यों की संख्या ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आधिकारिक रिकॉर्ड्स के मुताबिक

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने 15 अप्रैल को 12 राज्यों के अतिरिक्त सचिवों/ प्रमुख सचिवों/ स्वास्थ्य सचिवों को चिट्ठी लिखकर 20 अप्रैल से शुरू होने वाले हफ्ते के लिए उनकी ओर से आई ऑक्सीजन की मांग के बाद किए गए आवंटन के बारे में सूचित किया था। इन 12 राज्यों में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, केरल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान शामिल थे।

इधर कोविशील्ड वैक्सीन की 2 लाख डोज राजधानी पहुंची

रायपुर। बढ़ते कोरोना संक्रमण के बढ़ते आंकड़ों के बीच प्रदेश में वैक्सीनेशन का काम जोरो पर चल रहा है। इस बीच धीरे-धीरे मात्रा में कोविशील्ड की खेप राजधानी रायपुर पहुंच रही है। आज कोविशील्ड की एक और खेप रायपुर पहुंची. 17 कार्टून इंजेक्शन है। एक कार्टून में 1200 वायल मौजूद है। इस तरह लगभग 2 लाख डोज रायपुर पहुंची है। बता दें कि प्रदेश में 1 मई से 18 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों का वैक्सीनेशन किया जाना है। इसे लेकर राज्य सरकार पूरी तैयारी कर रही है. वहीं दूसरी ओर धीरे-धीरे मात्रा में वैक्सीन की खेप राजधानी में पहुंच रही है। कई जगहों में वैक्सीन खत्म होने की बात सामने आई थी, उन जिलों को वैक्सीन की सप्लाई की जाएगी। देश भर में कोरोना संक्रमण तेजी से आगे बढ़ता ही जा रहा है. हर दिन कोरोना के नए मरीज रिकॉर्ड तोड़ नए मामले सामने आ रहे हैं। हालात ऐसे है कि अस्पतालों में बेड कम पड़ गए हैं और मरीज एक एक बेड के इंतजार में अपना दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। बुधवार को एक बार फिर देशभर में 3 लाख 80 हजार मरीज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत बायोटेक ने भी अपने टीके कोवैक्सीन की कीमत घटाई

नई दिल्ली। राज्य सरकारों के लिए घटा दी है। राज्यों को कोवैक्सीन की एक डोज पर 400 रुपये प्रति डोज के रेट से ही मिलेगी। इससे पहले प्रति डोज 600 रुपये की का रेट राज्य सरकारों के लिए तय किया गया था। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मौजूदा समय में कोरोना से जंग के लिए पब्लिक हेल्थ सिस्टम को मजबूती देने के लिए यह फैसला लिया गया है। कंपनी का कहना है कि हम भारत में इनोवेशन को बढ़ावा देना चाहते हैं और हमारा लक्ष्य देश में पब्लिक हेल्थ केयर को मजबूत करना है। इससे पहले कोविशील्ड ने भी अपनी वैक्सीन की कीमत राज्य सरकारों के लिए 100 रुपये प्रति डोज घटाई थी। इससे पहले राज्य सरकारों को 400 रुपये प्रति डोज देने का फैसला हुआ था, लेकिन बाद में उसे कंपनी की ओर से 300 रुपये प्रति डोज ही तय कर दिया गया।

बंगाल-असम समेत पांचों राज्यों का एग्जिट पोल

बंगाल में ममता की हैटट्रिक, असम में फिर बनेगी बीजेपी सरकार

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम बंगाल, असम समेत 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए एग्जिट पोल आने शुरू हो गए हैं। नतीजे 2 मई को आएंगे। एबीपी-सी वोटर के एग्जिट पोल के मुताबिक पश्चिम बंगाल में टीएमसी और बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर हुई है लेकिन ममता बनर्जी के लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की भविष्यवाणी की गई है। वहीं, इंडिया टुडे-एक्सिस माइ इंडिया के एग्जिट पोल के मुताबिक असम में एक बार फिर बीजेपी सरकार बना सकती है।

बंगाल में ममता की हैटट्रिक- सी-वोटर

एबीपी न्यूज-सी वोटर के सर्वे के मुताबिक, यहां बीजेपी ने टीएमसी को बहुत ही कड़ी टक्कर दी है लेकिन सूबे में पहली बार सरकार बनाने के लिए अभी उसे इंतजार करना पड़ेगा। सी-वोटर के एग्जिट पोल के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में टीएमसी को 152 से 164 सीटें मिल सकती हैं। जबकि बीजेपी के खाते में 109 से 121 सीटें जा सकती हैं। कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन को 14 से 25 सीटें मिलने का अनुमान है। सभी 5 राज्यों को मिलाकर कुल 822 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हुई है। बंगाल की 2 सीटों पर एक-एक उम्मीदवार की मौत की वजह से वोटिंग बाद में होगी। हालांकि, रिपब्लिक-सीएनएक्स के एग्जिट पोल के मुताबिक बंगाल में पहली बार बीजेपी सत्ता में आ सकती है। एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी को 138 से 148 सीटें मिल सकती हैं। टीएमसी को 126 से 136 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन को 6 से 9 सीटें और अन्य को 1 से 3 सीटें मिल सकती हैं।

देश में पहली बार कोरोना संक्रमण से साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों की मौत

नई दिल्ली(वार्ता)। देश में कोरोना का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और पिछले 24 घंटों के दौरान इस वायरस के संक्रमण से 3645 लोगों की जान चली जाने से अभी तक 2,04,832 लोग काल का ग्रास बन चुके है। इसी अवधि में 3.79 लाख से अधिक नये मामले सामने आए, लेकिन राहत की बात यह रही कि 2.69 लाख से ज्यादा लोगों ने इस महामारी को मात दी है। इस बीच पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 21, 93,281 लोगों का टीकाकरण होने के साथ ही अब तक 15 करोड़ 20 हजार 648 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 3,79,257 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर एक करोड़ 83 लाख 76 हजार 524 हो गया। इस दौरान 2,69,507 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। देश में अब तक एक करोड़ 50 लाख 86 हजार 878 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। इसी दौरान सक्रिय मामलों में लगातार बढ़ोतरी से इनकी संख्या 30,84,814 हो गयी है।

हाईकोर्ट में तीखी बहस, दिल्ली सरकार बोली केंद्र से पूछें, तीन दिन में किया क्या

■ **दिल्ली सरकार के वकील बोले - जनता परेशान होती रहेगी और केंद्र मनमाना आवंटन करेगा**

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली हाईकोर्ट दिल्ली में ऑक्सिजन की कमी समेत विभिन्न मुद्दों पर आज सुनवाई कर रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने हाई कोर्ट को बताया कि इन प्लांट को स्थापित करने के लिए जो काम होना था, उस पर काम नहीं हो पाया है। दिल्ली सरकार के वकील नेअदालत से कहा कि केंद्र सरकार से पूछा जाए कि पिछले तीन दिनों में उसने क्या किया है सिर्फ अदालत में यह कहने के सिवा की हम ये कर रहे हैं।

700 एमटी ऑक्सिजन की जरूरत है

दिल्ली सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट राहुल मेहरा ने कहा कि नई तकनीकों को तलाशा जा रहा है। राहुल मेहरा ने कहा कि हाई कोर्ट ने हमारे अधिकारियों से कहा था कि वे प्लांट के एलोकेशन को लेकर केंद्र के अधिकारी को लेटर लिखे, लेकिन हमें ऐसा करने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारी जरूरत 490 एमटी ऑक्सीजन नहीं है। बेड की उपलब्धता को देखते हुए हमने कहा था कि हमारी जरूरत 700 एमटी ऑक्सिजन की जरूरत है।

एसजी तुषार मेहता ने दलीलों पर जताई आपत्ति

दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि दूसरी तरफ कुछ संवेदना होनी चाहिए। कोई एपेथी नहीं है नागरिकों के प्रति। इस एसजी तुषार मेहता ने दलीलों पर आपत्ति जताते हुए उन्हे रोकने की कोशिश की। मेहरा ने कहा कि दिल्ली की जनता परेशान होती रहेगी और केंद्र जैसा चाहेगा, वैसा आवंटन करता रहेगा।

संकटमोचन — कई देश भेज रहे है ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र, कॉन्सेंट्रेटर, सिलेंडर दवाईयां

भारत की मदद करने आगे आए 40 से अधिक देश

नई दिल्ली/ए.। भारत में कोरोना वायरस की दूसरी लहर से मचे हाहाकार के बीच पड़ोसी देशों समेत 40 से अधिक देशों नें सहयोग की पेशकश की है। गुरुवार को विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कोविड-19 संक्रमण के कारण उत्पन्न अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए अमेरिका, रूस, यूरोप, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई, खाड़ी देशों, पड़ोसी देशों सहित 40 देशों से सहयोग की पेशकश की गई है। श्रृंगला ने आगे कहा कि सरकार मुख्य रूप से आक्सीजन उत्पादक संयंत्र, कॉन्सेंट्रेटर, आक्सीजन सिलिंडर, क्रायोजेनिक टैंकर सहित तरल आक्सीजन हासिल करने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत में कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए दुनिया के विभिन्न हिस्सों से 500 से अधिक ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र, 4000 ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर, 10000 ऑक्सीजन सिलेंडर आ रहे हैं।

मिस्र से रेमडेसिविर खरीदने का प्रयास

श्रृंगला ने कहा कि भारत, मिस्र से रेमडेसिविर की 400000 शीशियां खरीदने की दिशा में काम कर रहा है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान में भी रेमडेसिविर के स्टाक मौजूद हैं और इनसे सम्पर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्स आपूर्ति सीधी खरीद एवं अन्य माध्यमों से लाई जा रही है।

शुक्रवार को भारत पहुंचेंगे अमेरिकी विमान

विदेश सचिव ने कहा कि अमेरिका से तीन विशेष विमानों के अमेरिका से बड़ी मात्रा में चिकित्सीय आपूर्तियां आने वाली है जिसमें से दो विमान शुक्रवार को पहुंचेंगे। रूस से भी गुरुवार को भारत को 20 टन चिकित्सा सामग्रियां आई जिनमें आक्सीजन सांद्रक, वेंटीलेटर, दवा शामिल हैं। इसके अलावा दुनिया के कई देशों ने महामारी की स्थिति से निपटने में सहयोग के लिये चिकित्सा आपूर्ति की घोषणा की है ।

दूसरी लहर में बढ़ी ऑक्सीजन की डिमांड

बता दें कि देश में कोरोना की दूसरी लहर इतनी तेज है कि पूरे देश में ऑक्सीजन के अलावा दवाईयों की कमी हो गई थी। हालांकि, ऑक्सीजन की स्थिति धीरे-धीरे नॉर्मल हो रही है लेकिन कई राज्य अभी भी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। समय पर ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए भारतीय वायुसेना की मदद ली जा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना: सेना क्या कर रही आर्मी चीफ ने पीएम मोदी को दी सारी जानकारी

नई दिल्ली/ए.। देश में जारी कोरोना संक्रमण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार बैठकें कर रहे हैं। आज उन्होंने सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के साथ बैठक की और कोरोना महामारी के खिलाफलड़ाई में सेना की तैयारियों और सहयोग के बारे में जाना।

पीएम मोदी और सेना प्रमुख ने इस दौराना के सेना द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों पर चर्चा की। जनरल एमएम नरवणे ने पीएम मोदी को बताया कि सेना के मेडिकल स्टाफ को विभिन्न राज्य सरकारों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने पीएम को यह भी बताया कि सेना देश के विभिन्न हिस्सों में अस्थायी अस्पताल स्थापित कर रही है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के हवाले से यह जानकारी दी है।

जनरल एमएम नरवणे ने पीएम मोदी को अवगत कराया कि सेना जहां भी संभव हो नागरिकों के लिए अपने अस्पताल खोल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री से यह भी कहा कि नागरिक अपने नजदीकी सेना अस्पतालों से संपर्क कर सकते हैं। जनरल एमएम नरवणे ने पीएम को सूचित किया कि सेना ऑक्सीजन टैंकरों और वाहनों के लिए मदद कर रही है। इसके प्रबंधन के लिए विशेष कौशल की आवश्यकता होती है।

न्यूज गैलरी

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. चंद्राकर ने वैक्सीनेशन पर दी जानकारी

दुर्ग। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुदामा चंद्राकर ने कहा कि जो लोग कोविड.19 बीमारी से पीड़ित हो गए हैं उनको भी कोविड.19 वैक्सीन का दोनों खुराक लेना अनिवार्य है जिससे उसके शरीर में पर्याप्त एवं अधिक अवधि के लिए प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो सके। ऐसे लोग कोविड.19 हेतु पॉजिटिव रिपोर्टिंग के 28 दिन बाद वैक्सीन लगवा सकते हैं। द्वितीय डोज के लिए दो डोज के बीच निर्धारित न्यूनतम अंतराल कोवैक्सीन हेतु 28 दिन तथा कोविशील्ड हेतु 42 दिन का होना चाहिए। वैक्सीन का पहला डोस लेने के बाद कोरोना हो गया वह दूसरा डोस ले जा नहीं ले या नहीं, ले तो कितने दिन बाद इसका उत्तर देते हुए डॉ. चंद्राकर ने बताया कि कोविड.19 वैक्सीन का पहला डोस लेने के बाद यदि कोई कोरोना से पीड़ित हो जाता है। तब भी उसको दूसरा डोस लेना अनिवार्य है, जिससे उसके शरीर में पर्याप्त एवं अधिक अवधि के लिए प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो सके। पॉजिटिव आने की न्यूनतम 28 दिन बाद द्वितीय डोज वैक्सीन लगा सकते हैं।

कोरोना संक्रमण पर प्रदेश भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ की आज वर्चुअल बैठक

दुर्ग। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण देश के साथ.साथ छत्तीसगढ़ में अपने पूरे चरम पर है इस विषय पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर सेवा ही संगठन नामक कार्यक्रम संपूर्ण हिंदुस्तान के साथ.साथ छत्तीसगढ़ में भी चलाया जाएगा। इसके लिए भाजपा के समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ अपने-अपने स्तर पर तैयारियां चालू कर चुके हैं और उस तैयारियों को आखरी मूर्त रूप देने के उद्देश्य से 30 मई को छग भाजपा प्रदेश व्यापारिक प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई है। बैठक में पूर्व संसदीय सचिव और व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना अध्यक्षता में आयोजित की गई है। आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रमुख रूप प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश सहसंयोजक कांतिलाल बोथरा, सुभाष अग्रवाल, मुकेश शर्मा, संजय खटवानी, चंद्रप्रकाश छाबड़ा भी शामिल रहेंगे।

लैब में नियुक्ति हेतु कल साक्षात्कार

दुर्ग। जिले में नवीन मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लैब की स्थापना हेतु 01 मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्टए एमडी अथवा सीनियर साइंटिस्टए 02 साइंटिस्ट के पदों के लिए संविदा भर्ती किया जाना है। इस हेतु इच्छुक आवेदक अपने संपूर्ण दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 1 मई को प्रातः 10:30 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

बयानबाजी छोड़ जनता की करें मदद : शिशिर

भिलाई। यूथ वेलफेयर डेव्हलपमेंट आर्गेनाईजेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष शिशिर मजुमदार ने कहा कि कोविड.19 कोरोना वायरस जैसे महामारी में हम सभी को मिलकर आम लोगों की मदद करने सामने आना चाहिए। संकट के इस घड़ी में इंसानियत के नाते बेसहारा लोगों के हित में काम करना चाहिए जिससे बेसहारा लोगों को मदद मिल सके। इस वैश्विक महामारी में देश और आम जनता बहुत ही परेशान है । महामारी के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रशासन द्वारा लॉकडाउन तो कर दिया गया है लेकिन इस लॉकडाउन में रोज कमाने.खाने वालो का हालात और भी खराब होता चला जा रहा है। लोग अपने.अपने घरों में बंद है जिनके सामने रोजी.रोटी के भी लाले पड़े है। राज्य शासन द्वारा घर.घर तक राशन देने के वादे भी किये गए है लिकन जरुरतमंद लोगों तक राशन नहीं पहुंच पा रहा है। स्थिति इतनी खराब हो चली है कि बीमार संक्रमित लोगों को अस्पतालों में न बेड मील रहा है और न ऑक्सीजन व दवाइयाँ। इस भयावह स्थिति को गंभीरता से लेते हुए लोग कोरोना संक्रमण से बचें और नियमों का भी पालन करें। इससे जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों को अपने.अपने स्तर पर निर्भिक होकर ईमानदारी से कार्य करने की ज़रूरत है।

दुर्ग ठगड़ाबांध बनेगा आईलैंड, नया आकर्षण का केंद्र, मिलेगी सुविधाएं

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के ठगड़ा बांध को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। यहां फूड कोर्टए चिल्ड्रन पार्कए साइकिल और रनिंग ट्रैक के साथ सुंदर आइलैंड विकसित करने का काम हो रहा है। ठगड़ा बांध को पिकनिक स्पॉट बनाने के साथ ही आसपास के वार्डों का भूजल स्तर बढ़ाने के लिए रिटर्निंग वॉल निर्माण का काम भी हो रहा है। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित निगम के अन्य अधिकारियों ने यहां हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। विधायक अरुण वोरा के लगातार प्रयासों से 6 माह पहले शासन ने इस प्रोजेक्ट के लिए 14 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की थी जिसके बाद नवंबर माह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस कार्य का भूमिपूजन किया गया। वोरा ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दुर्ग.भिलाई के लोगों को इस नए पिकनिक स्पॉट की सुविधाएं मिलेगी। बरसात के पहले बांध के गहरीकरण का कार्य न कराने पर प्रोजेक्ट में अनावश्यक विलंब हो सकता है। निर्माण कार्य का ठेका लेने वाली एजेंसी को किए गए कार्य के अनुसार ही भुगतान किया जाना चाहिए। वोरा ने साफ कहा कि शासन द्वारा पिकनिक स्पॉट के लिए मिली राशि का सदुपयोग होना चाहिए और सौंदर्यीकरण के कार्यों को पहली प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द इस प्रोजेक्ट को पूरा कराया जाए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि बांध के विकसित होने के बाद दुर्ग-भिलाई की जनता को परिवार के साथ समय बिताने के लिए एक अच्छे पिकनिक स्पॉट की सौगात मिलेगी। बाकलीवाल ने यह प्रोजेक्ट पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। निगम अधिकारियों ने बताया कि अब तक 3 करोड़ के कार्य किए जा चुके हैं। बरसात से पहले ही आइलैंड और गहरीकरण का कार्य शुरू किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, नंदू महोबिया, एल्डरमेन अंशुल पांडेय, सुमित वोरा, संदीप वोरा, निगम के कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, उपअभियंता आरके पालिया मौजूद थे।

पीएचई मंत्री गुरू ने किया कोविड सेंटर का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने अहिवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित 20 बिस्तर ऑक्सीजनयुक्त कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहॉ विभिन्न कक्षों तथा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से विशेष चर्चा कर अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेन्डर की नियमित आपूर्ति के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर रखने एवं कोविड सेंटर में मरीजों के उपयोग में लाये जाने वाले समस्त मेडिकल उपकरणों की साफ सफाई, शुद्ध सात्विक भोजन की उपलब्धता व सेंटर में 24 घंटे मेडिकल टीम की उपलब्धता बनाये रखने के लिये निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान डयूटी में तैनात समस्त मेडिकल स्टाफ से सौजन्य मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई की। इस दौरान मितानिन बहनों द्वारा पर्याप्त मात्रा में सैनिटाइजर, पीपीई किट, हैंड ग्लब्स व मास्क की आपूर्ति हेतु आवेदन दिया। जिसका रुद्रकुमार ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को इसके त्वरित निदान हेतु आदेशित किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकर, एसडीएम बृजेश क्षत्रिय, प्रभारी अधिकारी डा. सुषमा ठाकुर एवं गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

तीन पर जुर्माना

दुर्ग। लॉकडाउन के दौरान दुकान खोल कर ग्राहकों को सामान बेचने पर गांधी चौक के तीन अनाज व्यवसाइयों से जुर्माना वसूल किया। निगम की टीम ने इन दुकानों से 5 हजार जुर्माना वसूल किया गया।

जोमैटो के डिलीवरी ब्वॉयज की हुई कोविड टेस्ट

54 लोगों के एंटीजन सैंपल में सभी की रिपोर्ट आई नेगेटिव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जोमैटो के डिलीवरी ब्वॉयज की कोविड जांच आज पावर हाउस में की गई। पावर हाउस रेलवे स्टेशन में लगाए गए जांच कैंप में आज दोपहर की पाली में 54 लोगों के सैंपल लिए गए। जोमैटो के डिलीवरी ब्वॉयज के अलावा दूसरे स्थान से भिलाई आने वाले यात्री एवं रेलवे में कार्यरत मजदूर की भी कोविड जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग से तुलसी भास्कर और राधिका भारद्वाज ने कोविड टेस्टिंग के लिए सैंपल लिया। भास्कर ने बताया कि आज 54 सैंपल लिए गए जिसमें से जोमैटो के 49 डिलीवरी ब्वॉय ने अपना जांच कराया। सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई। 54 में से एंटीजन में सभी की रिपोर्ट नेगेटिव प्राप्त हुई है। उन्हीं में से 19 लोगों के टू नॉट सैंपल लिए गए है। विगत दिन ही ऑनलाइन डिलीवरी ब्वॉयज एवं स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच के लिए नेहरू नगर में भी कैंप लगाया गया था। कोविड जांच के लिए निगम एवं स्वास्थ विभाग के समन्वय से स्ट्रीट वेंडर्स, मेडिकल स्टोर में कार्य करने वाले एवं होम डिलीवरी ब्वॉयज की कोविड जांच का आयोजन किया। इन सभी को पूर्व से सूचना प्रदान की जा रही है निर्धारित समय और स्थान के बारे में जानकारी दी जा रही है। सीपीएम तुषार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि घर.घर जाकर होम डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों का कोविड जांच किया जा रहा है आगे उन्होंने बताया कि 3 पालीयो में सैंपल लिया जा रहा है प्रथम पाली में प्रातः 6 से 11 बजे, द्वितीय पाली में 11 से 3 बजे तक तथा तृतीय पाली में 3 से 7 बजे तक सेंपलिंग की जा रही है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने अभियान चलाकर इनके टेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए हैं। नेगेटिव आने पर इन्हें स्टीकर भी प्रदान किया जाएगा। अभियान के तहत निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर पावर हाउस रेलवे स्टेशन में कैंप लगाकर जांच की गई। निगम और स्वास्थ विभाग के समन्वय से आगे भी अभियान को जारी रखा जाएगा। ताकि सत प्रतिशत स्ट्रीट वेंडर एवं डिलीवरी ब्वॉयज का शीघ्र अतिशीघ्र कोविड जांच हो सके।

सेक्टर-9 हास्पिटल में इलाज की मानिटरिंग हेतु पहुँची प्रशासनिक टीम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। अपर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज सेक्टर.9 हास्पिटल का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने कोविड मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने यहा गंभीर मरीजों की स्थितिए रेमडेसिविर जैसी दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने वैक्सीनेशन के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की। सुश्री चौधरी ने कहा कि वैक्सीनेशन की ड्राइव जितनी तेज होगी, कोरोना संक्रमण से निपटने में उतनी ही आसानी होगी। 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कांटैक्ट ट्रेसिंग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांटैक्ट ट्रेसिंग जितनी बेहतर होगीए कोरोना संक्रमण से लड़ने में मदद मिलेगी। सुश्री चैधरी ने हास्पिटल मैनेजमेंट से कोविड मरीजों के आइसोलेशन को भी सुनिश्चित रखने कहा। उन्होंने कहा कि मरीजों के परिजनों की काउंसिलिंग की व्यवस्था बेहतर हो ताकि उन्हें समय.समय पर जानकारी मिलती रहे और वे मरीज की हेल्थ के प्रति आश्वस्त रहें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी तरह के समन्वय की आवश्यकता है तो प्रशासन पूरी मदद करेगा। कोविड संक्रमण का प्रसार रोकने बेहद जरूरी है कि कोविड मरीजों का आइसोलेशन सुरक्षित रखा जाए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

चंदूलाल कोविड सेंटर में घटिया भोजन : सोनी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भाजपा ने कचांदुर स्थित चंदूलाल मेडिकल कॉलेज कोविड सेन्टर में मरीजों एवं नर्सिंग स्टॉफ तथा अस्पताल के कर्मचारियों को भोजन ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी का भोजन वितरित किये जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से निष्पक्ष जांच एवं मरीजों व कर्मचारियों का बयान दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि पूरे दुर्ग जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व आम जनता तथा अस्पताल के स्टॉफ के द्वारा उन्हें लगातार कई दिनों से कचांदुर स्थित चंदूलाल मेडिकल कॉलेज कोविड सेन्टर में वितरित किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत व जानकारी मिल रही है। भोजन में दी जाने वाली रोटी बिल्कुल ठंडी कड़ी व जली हुई रहती है जिसे चबाना भी मुश्किल होता है उसी तरह सब्जी दाल व चावल भी ठंडे व बेस्वाद परोसे जा रहे हैं। कुछ लोगों ने जानकारी दी है कि 24-25 किलोमीटर दूर से इन्हें बनाकर लाया जाता है इस तरह बनने के काफी देर बाद इसे मरीजों व कर्मचारियों को परोसा जाता है जिससे यह भोजन खाने लायक नहीं रह जाता इसके अलावा इसमें प्रयुक्त होने वाले तेल आटा आदि निम्न गुणवत्ता के होने की वजह से रोटी कड़ी हो जा रही है एवं सब्जी की गुणवत्ता का स्तर भी निम्नतम स्तर का है।

श्री सोनी ने कहा कोविड के मरीजों को वैसे भी बहुत ज्यादा कमजोरी आती है इसलिए उन्हें उच्च गुणवत्ता का ताजा व पौष्टिक भोजन देना अत्यंत आवश्यक है कोविड संक्रमण क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ व कर्मचारियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी ऐसे घटिया क्वालिटी के बासी खाने का विपरीत प्रभाव पड़ रहा है अतः जिलाधीश व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस मामले की अविलम्ब निष्पक्ष जांच करा कर उचित कार्यवाही एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहिए। कोविड सेन्टर के मरीजों को एक टाईम फ्ल व दूध प्रदान करने मांग की।

बचाव एवं सुरक्षा

दुर्ग। राजेश श्रीवास्तव अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में पैरालीगल वालंटियर द्वारा लॉक डाऊन में गांवों में जाकर बच्चों एवं वयस्कों को मास्क एवं जरूरी राशन का वितरण एवं कोविड के संक्रमण से बचाव एंव सुरक्षा के लिए जागरूक किया। इस दौरान जागरूक करते हुए कहा कि बार.बार साबुन से हाथ धोना, हमेशा खाँसते या छींकते समय रुमाल या मास्क का प्रयोग करना, आपस में दूरी बनाकर एवं मास्क का प्रयोग करें।

गर्ल्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर ऑनलाईन नृत्य

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर भूतपूर्व और वर्तमान में नृत्य विषय अध्ययनरत छात्राओं का सम्मिलन समारोह ऑनलाईन आयोजित किया गया। देश के अलग-अलग हिस्सों में निवासरत छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भगीदारी की। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय के लिये यह अत्यंत गौरव की बात है कि इस अंचल में केवल यहीं नृत्य स्नातक स्तर पर विषय के रूप में पढ़ाया जाता है और छात्राओं में इसे सीखने की अत्यधिक रूचि भी है। विभाग की पूर्व छात्रायें अपने-अपने स्थानों पर अपना नृत्य का हुनर बनाये और रूचि बचाये हुये हैं यहीं सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस विषय में स्नातकोत्तर कक्षायें भी आरंभ करने हेतु शासन स्तर पर पहल की जायेगी। कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम छात्राओं ने भूमिवंदना की जो कि अद्भुत संगत को परिभाषित कर रहा था। इसके पश्चात् सर्वप्रथम बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. दीपिका साहू ने जीवन और नृत्य को जोड़ते हुए कविता पाठ किया। बी.ए. प्रथम की कु. शेफाली सेन ने विश्व नृत्य दिवस की अवधारणा को बताते हुए नृत्य को आत्मा से जोड़ने वाली कहा। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा निकिता पाण्डेय ने कहा कि यहाँ से निकलने के बाद वे छोटे-छोटे बच्चों को शास्त्रीय नृत्य सिखाने की कोशिश कर रहीं है। विभा कसेर ने कहा कि- भरत नाट्यम सीखने से स्वयं में अनुशासन की अनुभूति हुई हैं। बी.ए. अंतिम की छात्रा रिया टेम्बुरकर ने बताया कि - शास्त्रीय नृत्य सीखने से उन्हें अन्य नृत्य को समझना आसान हुआ और वे कोरियोग्राफी के क्षेत्र में जाना पसंद करेगी। वहीं जम्मू में छोटे-छोटे बच्चों को शास्त्रीय नृत्य भरत नाट्यम का प्रशिक्षण देने वाली कीर्ति कश्यप ने कहा कि इस महाविद्यालय में प्राथमिक तौर पर भरत नाट्यम सीखना उनके जीवन का सबसे अच्छा अनुभव रहा। वे अपने बच्चों को भी यह नृत्य सिखा रही हैं। बी.ए. द्वितीय वर्ष की शारदा एवं काजल ने बताया कि वे इस महामारी के बचाव के संदेश पर छोटा सा नृत्य तैयार कर रही है जिसे शीघ्र ही वेबसाईट पर हम देख सकेंगे।

बैठक

कार्यकर्ता व मितानीन लक्षण व प्राइमरी कांटेक्ट वालों का करेंगे शिनाख्त : आयुक्त सर्वे

कंटेंटमेन जोन में महिला एवं बाल विकास विभाग करेगी सर्वे

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम क्षेत्र में कोरोना की चेन को तोड़ने सर्वे होगा। महिला एवं बाल विकास विभाग मितानीन के सहयोग से ऐसे व्यक्ति की तलाश करेंगे जो प्राइमरी कांटेक्ट में आए है या फिर जिन्हे सर्दी, खासी, बुखार जैसे लक्षण है। सर्वे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने बैठक ली। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि कोरोना पॉजिटिव के संपर्क में आने वाले और लक्षण आधारित व्यक्तियों की सूचीबद्ध करे ताकि शीघ्रता से उनका जांच कराया जाए। पॉजिटिव आने पर अविलंब उपचार शुरू किया जा सके। आयुक्त ने उक्त सर्वे कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को पूर्ण करने कहा। इसके बाद रिपोटिंग करने की जिम्मेदारी निगम के अधिकारियों की होगी। बैठक में नोडल अधिकारी रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर, सतीश देवांगन, सुरेश देवांगन समेत महिला एवं बाल विकास विभाग की पूजा अग्रवाल शिल्पा श्रीवास्तव, उषा झा थी।

आवाजाही देख खड़े हुए

सड़कों पर अचानक बढ़ी आवाजाही को देख नगर पालिक निगम के आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे देर रात नेवई पुलिस के साथ चैराहे पर खड़े रहे। इस दौरान बहाने बाजों का जमकर खिचाई की। झूठ का पुलिंदा सुनने के बाद दर्जनभर लोगों से 4 हजार जुर्माना वसूला। आयुक्त सर्वे व नेवई टीआई भावेश साव और नोडल अधिकारी रमाकांत साहू के नेतृत्व वाली टीम ने सबसे पहले मैत्री गार्डन चौक पर नाकेबंदी की। यहां शाम 6 बजे के बाद फेरी लगाने और अनावश्यक रूप से घुमने वाले आधा दर्जन बाइक व कार सवार से जुर्माना वसूला।

क्षेत्र में 15 कंटेंटमेन जोन

बैठक में नोडल अधिकारी रमाकांत साहू ने कंटेंटमेन जोन की जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में कुल 15 कंटेंटमेन जोन बनाए गए है। जहां संक्रमित परिवार के निवास स्थान को केन्द्र मानकर 50 घरों का सर्वे अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही प्राइमरी कांटेक्ट की सूची अलग से बनाया जाए।

कंटेटमेंट जोन घोषित एरिया को किया सेनेटाइज

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम के राधिकानगर और अवंतीबाई नगर में कोरोना पॉजीटीव मरीजों की संख्या बढ़ने से यहां के कुछ क्षेत्र में लोगों के आवागमन को बंद कर दिया है। नेहरू नगर के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि ने जानकारी देते हुए बताया कि राधिका नगर को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। दोनो क्षेत्र में कोरोना पॉजीटीव मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण पॉजीटीव वाले मरीजों के घर के सामने बेरिगेटिंग किया गया ताकि उनके संपर्क में कोई न आ सके। कोविड प्रोटोकॉल के तहत कंटेनमेंट जोन वाले घरों में किसी भी प्रकार की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया हैए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति घर पहुंच सेवा के माध्यम से की जाएगी।

निगम प्रशासन की ओर से कंटेंटमेंट वाले क्षेत्र में सेनेटाइज किया जा रहा है। कंटेनमेंट जोन से नागरिक बाहर न निकले इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा पेट्रोलिंग की जाएगी। आवश्यक सामान की आपूर्ति घर पहुंच सेवा के माध्यम से ही की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पॉजीटीव आने वाले मरीजों के संपर्क में जो भी आए है उनकी भी कोरोना जांच कराई जाएगी।

निधन

सविता हरमुख



दुर्ग। कसारीडीह निवासी श्रीमती सविता हरमुख (थनौद) 65 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार थनौद मुक्तिधाम में किया गया। वे गोकुल प्रसाद हरमुख की पत्नी और मुकेश हरमुख व रंजना देशमुख की माताजी थी।

रामकली तिवारी

भिलाई। श्रीमती रामकली तिवारी पति मोतिराम तिवारी का ब्रेनस्ट्रोक से दुःखद निधन हो गया। उनका रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे विजय तिवारी, डॉ. रश्मि, डॉ. रेणुका की माता थी।

कोरोना नियंत्रण के लिए औद्योगिक परिसर तथा खदान संयंत्र के आसपास के गांवों में चलाएं जनजागरूकता अभियान : मुख्यमंत्री

■ राज्य में कोरोना महामारी से निपटने में औद्योगिक संगठनों द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन

■ लक्षण वाले व्यक्ति को तुरंत उपलब्ध कराएं कोरोना की दवा

नवप्रदेश संवाददाता

मुख्यमंत्री बघेल ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से की चर्चा

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में राज्य में कोरोना महामारी से निपटने के लिए सभी संभागों के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा की और आवश्यक सुझाव लिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री की अपील पर समस्त औद्योगिक संस्थानों द्वारा कोरोना को हराने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा सुकमा से तथा प्रमुख सचिव उद्योग श्री मनोज पिंगुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

सघन जजनजागरूकता अभियान चलाए

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए सभी औद्योगिक परिसर तथा खदान संयंत्र के आसपास के गांवों में सघन रूप से जनजागरूकता का अभियान चलाया जाए। इसके तहत समस्त औद्योगिक संगठनों को वहां कार्यरत कर्मचारियों तथा श्रमिकों सहित लोगों को कोरोना की दवाईयों के किट का वितरण तत्परता से कराए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोरोना के लक्षण दिखते ही अगर व्यक्ति दवा का सेवन प्रारंभ कर दें तो वह बढ़ नही पाता है और गंभीर हालात जैसे स्थिति का सामना करना नही पड़ता है। इससे बीमारी के अकस्मात् रूप से बढ़ने तथा रोकने में काफी मदद मिलती है।

संक्रमण के रोकथाम का प्रयास करें

मुख्यमंत्री श्री बघेल से चर्चा के दौरान विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों सर्वश्री के.के. झा, रामभगत अग्रवाल, नरेन्द्र गोयल, कमल सारडा, अतुल साहू, बी.एल.अग्रवाल, हरीश केडिया, अश्विन गर्ग, संजय अग्रवाल, अशोक सुराना, प्रदीप टंडन तथा मनोज अग्रवाल आदि ने अपने-अपने संस्थान में शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए कैम्प लगाने में शासन से सहयोग का आग्रह किया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल को उनके द्वारा अपने-अपने संस्थान में शासन के दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुकूल व्यवहार के शत-प्रतिशत पालन सहित कोरोना संक्रमण के रोकथाम में हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू तथा मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी उपस्थित थे।

गाईडलाईन का शत-प्रतिशत पालन हो

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने चर्चा करते हुए सभी औद्योगिक संगठनों को अपने-अपने संस्थान में कोविड-19 के गाईड लाईन का शत- प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष जोर दिया। इसी तरह उन्होंने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी संस्थानों में वैक्सीनेशन के कार्य को भी शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने में शासन-प्रशासन के साथ सभी वर्ग के लोग मदद के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने इनमें औद्योगिक संगठनों से सतत रूप से मिल रहे सहयोग की भी सराहना की।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार जोसफ के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वरिष्ठ पत्रकार एम ए जोसफ के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है । मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि जोसफ छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार थे। छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में जोसफ के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मैं जोसफ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे जोसफ के परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

नाशीली टेबलेट बेचते तीन पकड़ाये

रायपुर। राजधानी रायपुर में पूर्ण लाकडाउन के दौरान नशीली टेबलेट बेचने वाले सक्रिय हैं। ग्राहकों की तलाश में निकले तीन युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामला देवेंद्र नगर पुलिस थाना इलाके के फोकटपारा का है। जहां मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन युवकों को पकड़ा और उनकी तलाशी ली। तलाशी में पुलिस ने तीनों युवकों के पास से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बरामद किया। युवकों के पास से कुल 200 नग टेबलेट जब?त कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22बी के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में देवेंद्र कुमार महंत ऊर्फ कुलदीप ऊर्फ छोटू, प्रभीत ऊर्फ पुरन जगत ऊर्फ कोहिनूर और अब्दुल असलम ऊर्फ अस्सू ऊर्फ असलम खान हैं।

हवाई यात्रा से आने वाले सभी यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट निगेटिव होना अनिवार्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में हवाई यात्रा से आने वाले सभी यात्रियों के लिए आर.टी.-पी.सी.आर. जांच रिपोर्ट निगेटिव होना अनिवार्य किया गया है । इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव ने दिनांक 23 अप्रैल 2021 के आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित निर्देश के तहत अब हवाई यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में आने वाले सभी यात्रियों की 72 घंटे के भीतर आर.टी.-पी.सी आर. जांच रिपोर्ट निगेटिव होना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट निगेटिव होने पर ही राज्य में प्रवेश की अनुमति प्रदान की जा सकती है। अन्य राज्यों से संचालित फ्लाईट में बोर्डिंग के पूर्व संबंधित एयरलाईन द्वारा आर.टी.- पी.सी.आर. निगेटिव रिपोर्ट होने पर ही यात्रियों को बोर्डिंग पास जारी किया जाना अनिवार्य होगा। यदि त्रुटिवश कोई यात्री बिना आर.टी.-पी.सी.आर. निगेटिव रिपोर्ट के राज्य में आगमन करते है, तो उनको एयरपोर्ट से बाहर आने की अनुमति नहीं होगी। ये निर्देश 4 मई 2021 से लागू होंगे।

निधन

वरिष्ठ पत्रकार एमए जोसेफ

रायपुर। छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता में एक दबंग नाम था एम.ए.जोसेफ, उनकी लिखी खबरों को शासन-प्रशासन में बैठे आला अधिकारी एवं राजनेता भी नजर अंदाज नहीं कर पाते थे। अविभाजित मध्यप्रदेश की पत्रकारिता में एमएस जोसेफ का बड़ा नाम था। कई लोगों के वे पत्रकारिता में गुरू रहे हैं। आज उनका दुखद निधन हो गया है। उन्होने नवभारत देशबंधु, अमृत संदेश, रौद्रमुखी और प्रखर समाचार में अपनी सेवाएं दी थीं। रायपुर प्रेस क्लब के वे अध्यक्ष भी रहे।

शशिप्रकाश श्रीवास्तव

रायपुर। हर्षित नगर निवासी शशिप्रकाश श्रीवास्तव का 28 अप्रैल को 63 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अप्रैल को कोरोना प्रोटोकॉल के तहत संपन्न होगा। वे कुंदन श्रीवास्तव के पति, सारडा एनर्जी के इजीनियर रोहित श्रीवास्तव और कुश इंटरप्राइजेस के संचालक मोहित श्रीवास्तव के पिता, रविप्रकाश, अरुनिप्रकाश, शुभम, दिव्यप्रकाश और ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव के भाई तथा अशोक एवं सुधीर श्रीवास्तव के जीजा थे।

जगदीश प्रसाद तिवारी

भाटापारा। कान्यकुब्ज समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक गांधी मंदिर वार्ड निवासी जगदीश प्रसाद तिवारी 84 वर्ष का गुरुवार की शाम हृदय घात से निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार हिंदू मुक्तिधाम में शुक्रवार की सुबह 9:00 बजे किया जाएगा वे भाजपा के जिला महामंत्री एवं सर्वेश्वरी समूह के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं जुगल तिवारी के अग्रज एवं सतीश तिवारी, सुनीततिवारी, एवं संजय तिवारी के पिता थे उनके निधन पर विधायक शिवरतन शर्मा एवं भाजपा परिवार ने शोक व्यक्त किया है।

हेमंत बुधभट्टी

रायपुर। बूढ़ापारा निवासी हेमंत बुधभट्टी 59 वर्ष का दिनांक 29 अप्रेल को निधन हो गया, अंतिम संस्कार कोविड नियमानुसार मारवाड़ी शमशान घाट में सम्पन्न हुवा, वे अश्विन के भाई, विक्कल, राहुल धवल के चाचा एवं केवल बुधभट्टी के पिता जी थे।

सरला पांडेय

रायपुर। पीएचक्यू रायपुर में कार्यरत संजय पांडेय की माता श्रीमती सरला पांडेय निवासी एलआईजी 61-62 जवाहर नगर भिलाई का निधन हो गया है, बीती रात तबियत बिगड़ने पर उन्हें भिलाई नेहरूनगर स्थित हाईटेक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

टी. नैनन

भिलाईनगर। शालू टी नैनन (जन्म -14 अगस्त, 1960), पिता श्री के टी नैनन, सड़क 2, शांति नगर के निवासी, का 28 अप्रैल 2021 को देहांत हो गया। उनके पार्थिव देह को अंतिम विदाई, 30 अप्रैल (शुक्रवार) को, मसीही कब्रिस्तान नेहरू नगर में, सुबह 9:30 बजे दी जाएगी।

प्रथम चरण में 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का टीका अभियान लोगो के लिए बना प्रेरणा

■ हसदा, धौराभाठा, अमलीडीह, दुधवारा और कुल्हाड़ीकोट के शत-प्रतिशत ग्रामीणों ने लगवाया कोरोना टीका

रायपुर। कोरोना संक्रमण के इस दौर में जहां अनेक लोग भ्रांतियों और अफवाहों की वजह से टीकाकरण से बच रहे हैं। वहीं राज्य शासन द्वारा व्यापक जागरूकता जन अभियान के कारण धमतरी जिले के मगरलोड विकासखंड की पांच पंचायतें हसदा, धौराभाठा (नवा), अमलीडीह दुधवारा और कुल्हाड़ीकोट मिसाल कायम की हैं। ये ऐसी पंचायतें हैं, जहां 45 साल से अधिक उम्र के शत-प्रतिशत लोगों ने पहला टीका लगवा लिया है। उल्लेखनीय है कि कोरोना टीकाकरण के प्रथम चरण में फ्रंटलाइन वारियर्स के साथ ही 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मगरलोड विकासखंड के इन पंचायतों में हसदा 806, धौराभाठा नवा. 222, अमलीडीह 205, दुधवारा 190 और कुल्हाड़ीकोट 166 शामिल हैं। इन्हीं पंचायतों में सबसे बड़ी मिसाल है ग्राम हसदा के ग्रामीणों ने की है। यहाँ के लोगों ने खुद आगे आकर टीकाकरण कराया। इस गांव के सभी 806 लोग जो 45 साल से अधिक उम्र के हैं वे ना केवल टीका लगवा लिए हैं, बल्कि दूसरे डोज के लिए अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे हैं।इसके साथ ही ऐसी चार और पंचायतें हैं, जहां प्रशासनिक पहल और जनप्रतिनिधियों की समझाइश का असर भी दिख रहा हैं। अब ये पांच पंचायतें शत-प्रतिशत टीकाकृत हो चुके हैं। मगरलोड के ग्राम धौराभाठा (नवा.) निवासी सूरज प्रकाश साहू, ईश्वर लाल देवांगन सहित ग्रामीणों ने बताया कि 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों को टीकाकरण केन्द्र तक ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है। वहीं दीवार लेखन के जरिए भी लोगों को जागरूक किया गया। इसके सार्थक परिणाम आए है। टीकाकरण अभियान को सदल बनाने में जिला राशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा चिकित्सक, पटवारी, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सरपंच-पंच भी आगे बढ़ कर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। सभी लोगो के सहयोग और सकारात्मक भूमिका से जल्द ही पूरे जिले में टीकाकरण हो जायेगा। इससे कोरोना महामारी के प्रकोप से बचा जा सकेगा।

राज्यपाल उइके के दिशानिर्देश पर नए सदस्य किये गए नामांकित

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा की प्रबंध समिति की अध्यक्ष सुश्री अनुसुईया उइके के दिशानिर्देशानुसार रेडक्रास संचालन के लिए प्रबंध समिति में नए सदस्य नामांकित किये गए हैं। समिति में प्रदेश में रेडक्रॉस गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त नए सदस्यों को नामांकित किया गया है। राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो द्वारा जारी आदेश के अनुसार डॉ. पुखराज बाफना जिला राजनांदगांव, श्री बाल्मिक दुबे जिला कोरिया, श्री शाश्वत सिंह जिला सुकमा, डॉ. तुकराम कुंवर जिला बीजापुर, डॉ. के.के. सोनी जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही का नाम समिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

उखड़ती साँसों के लिए संजीवनी साबित हो रही होमियोपैथी : डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी

***रायपुर।** आज के समय मे संक्रमित लॉगो का ऑक्सीजन लेवल तेजी से गिर रहा है और ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए त्राहि-त्राहि मची है ऐसे समय में होम्योपैथी कारगर साबित हो रही है होम्योपैथी दवाओं से ऑक्सीजन के तेजी से नीचे आने की प्रक्रिया संभल जा रही है ऑक्सीजन लेवल एकदम से नहीं गिर रहा है लगभग 300 से अधिक मरीजों पर यह प्रयोग डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी द्वारा लिली चौक पुरानी बस्ती स्थित त्रिवेदी होम्योपैथी क्लीनिक में किया गया है। डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी ने बताया कि पिछले बार का संक्रमण इस बार से संक्रमण काफी ज्यादा खतरनाक दिख रहा और यह सीधा फेफड़ों पर असर करता है,जिसका एक मुख्य कारण जरूरत से ज्यादा इम्युनिटी बढ़ाने की दवाई लेना भी है,तेज बुखार के साथ हाथ पैरों व सर में असहनीय दर्द,खासी आना,कमजोरी गला सुखना ,ठंड लगना के साथ अन्य कई लक्षण है व मानसिक रूप से लोग डर व सहम चुके और मानसिक प्रेशर बढ़ने से कई लोगो की आंतरिक शक्ति कमजोरी हो रही, लेकिन होम्योपैथी में लक्षणों (शारीरिक व मानसिक) के मिलान के आधार पर चुनी हुई औषधि देने से चमत्कारिक परिणाम सामने आ रहे हैं कई ऐसे मरीज हैं जिनका ऑक्सीजन लेवल 70 से 75 तक था और आज वह नॉर्मल है वह एकदम स्वस्थ है अपने सारा काम कर रहे हैं। होम्योपैथी में एक नहीं सैकड़ों दवाइयां उपलब्ध है जो ऑक्सीजन की कमी को दूर करने में सहयोग कर सकती हैं इसमें कृतिम ऑक्सीजन पर निर्भरता कम होगी।*

उन्होंने यह बताया कि कोरोनावायरस से बचाव के इलाज में होम्योपैथी को शामिल करने से अस्पताल पर दबाव कम होगा जिससे इलाज में आसानी होगी और साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए होम्योपैथिक की आर्सेनिक एल्बम 30 दवा हर महीने में 3 दिन तीन खुराक तक लगातार ले सकते हैं जिससे कि कहीं न कहीं इस महामारी लड़ने के लिए हमारे अंदर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी वह हम काफी हद तक बच पाएंगे।

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, तेज हवा के साथ कई हिस्सों में पड़ेंगे ओले

रायपुर। छत्तीसगढ़ सहित देश के कई हिस्सों में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर भारी बारिश की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में कल यानि 30 अप्रैल को बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर तेज़ बारिश के साथ आंधी तुफान और ओले भी पड़ेंगे।

भारत मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो 30 अप्रैल और 1 मई को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उससे सटे उत्तरी मैदानों पर गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 29 अप्रैल तक कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊपरी इलाकों में अलग-अलग बारिश व बर्फबारी के आसार हैं. वहीं 30 अप्रैल और 1 मई को पंजाब, उत्तर हरियाणा और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समीपवर्ती इलाकों में गरज के साथ तेज हवाएं और बौछारें पड़ने की संभावना विभाग की ओर से व्यक्त की गई है। गुरुवार को उत्तर भारत में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होने की संभावना है, हालांकि शुक्रवार से धीरे-धीरे इसमें कमी नजर आने लगेगी. शनिवार से पूरे भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जाएगा. इधर, इस अवधि में तेलंगाना और आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान थोड़ा कम रहेगा. वर्तमान में अन्य क्षेत्र सामान्य या थोड़े गर्म नजर आएंगे।

मौसम विभाग के अनुसार 30 अप्रैल को उत्तराखंड,विदर्भ, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तेलंगाना, केरल और माहे में मेघगर्जन, बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं चलने के आसार हैं. 30 अप्रैल को ही दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और उत्तर केरल के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है।

कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन जरूरी: ताम्रध्वज

■ सभी पात्र लोगों से टीका लगवाने की अपील

रायपुर। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कोरोना महामारी संक्रमण से सुरक्षा के लिए वेक्सिनेशन को जरूरी बताते हुए सभी पात्र लोगों से टीका लगवाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि वेक्सिनेशन से ही बचाव संभव है। उन्होंने 45 वर्ष से अधिक और एक मई से 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों से वेक्सीन के दो डोज लगवाने और अपने परिवार के जीवन को सुरक्षित करने की अपील की है।उन्होंने कहा है कि कोरोना से घबराएं नहीं, बचाव ही इसका इलाज है। इसके लिए अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ना जाएं। हाथों को नियमित रूप से साबुन से धोएं या सैनिटाइजर का प्रयोग करें। 2 गज की दूरी बनाए रखें। गृह मंत्री ने लोगों से अपील की है कि कोरोना के लक्षण जैसे तेज बुखार, खांसी, जुकाम, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ, तेज सर दर्द, शरीर में दर्द, आंखों में तकलीफ, स्वाद या गंध का चला जाना, दस्त लगना, त्वचा पर दाने या उंगलियों पर चुभन, लालिमा जैसे लक्षण होने पर जिला मुख्यालयों में स्थापित कंट्रोल रूम से संपर्क करें, डॉक्टर से सलाह लें और होम आइसोलेशन में रहकर शासन द्वारा निर्धारित दवाओं का सेवन करें। दवाइयों के साथ नियमित 8 घंटे की नींद ले, 45 मिनट व्यायाम-योगा करें।

सौगात | कोरोना महामारी नियंत्रण का एक और अहम प्रयास

जिला अस्पताल पंडरी में 24 बिस्तरों का आईसीयू प्रारंभ

■ रायपुर जिले में करीब एक पखवाड़े में जिला प्रशासन और जन सहयोग से 11 नए कोविड केयर सेंटर प्रारंभ किए गए

रायपुर। कोरोना महामारी के नियंत्रण के लिए रायपुर जिले में युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में एक अहम प्रयास करते हुए जिला चिकित्सालय, पंडरी में कल से 24 बिस्तरों का आईसीयू प्रारंभ किया गया है, जो गंभीर रूप से कोरोना पीड़ित मरीजों के लिए बनाया गया है। इस आईसीयू में विशेषज्ञ चिकित्सको के साथ 5 बिस्तरों में वेंटिलेटर की व्यवस्था है ।

कलेक्टर डॉ एस भारतीदासन ने बताया कि रायपुर जिले में करीब एक पखवाड़े में जिला प्रशासन और जन सहयोग से 11 नए कोविड कोविड केयर हॉस्पिटल/सेंटर प्रारंभ किए गए हैं.

जिला प्रशासन के सहयोग से इनडोर स्टेडियम , वर्किंग वूमेन हॉस्टल फुण्डहर ,धरसीवा विकासखंड मुख्यालय, तिल्दा विकासखंड मुख्यालय,साइंस कॉलेज अटारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा - नवापारा, कम्युनिटी हॉल आरंगऔर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरोरा- तिल्दा में प्रारंभ किए गए है।

इन प्रयासों से अब रायपुर जिले में एम्स और मेडिकल कॉलेज के कोविड हास्पीटल को छोड़कर 15अन्य हॉस्पिटलों और कोविड केयर सेंटरों में कुल बिस्तरों की संख्या बढ़कर 2124 हो गई है। आईसीयू बेड की संख्या भी बढ़कर 36 हो गई है। सिलेंडर एवं पाइप लाइन वाले ऑक्सीजन सपोर्ट बेड की संख्या 996 ,कंसंट्रेटर युक्त ऑक्सीजन सपोर्ट बेड की संख्या बढ़कर 304 हो गई है। इन चिकित्सालयों में सामान्य बिस्तरों की संख्या 752 है ।

जिला चिकित्सालय, पंडरी के सिविल सर्जन डॉ प्रकाश गुप्ता ने यह भी बताया कि जिला चिकित्सालय, पंडरी में कोरोना मरीजों के लिए 30 बिस्तरों का एक अलग वार्ड भी बनाया जा रहा है।जिले के कोविड केयर सेंटर में मरीजों के भर्ती होकर इलाज के लिए जिला कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है। यहां एंबुलेंस तथा होम आइसोलेशन की सुविधा भी प्राप्त की जा सकती है।

कोविड केयर सेंटर प्रारंभ

इसी तरह जनसहयोग से रायपुर जिले में काइट धरसीवा रायपुर, सेवा भारती सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 2 देवेंद्र नगर रायपुर और डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल डब्ल्यू आर एस कॉलोनी रायपुर में कोविड केयर सेंटर प्रारंभ किए गए हैं।

संपादकीय

जनता की सुध लें उनके नुमाइंदे

देश इस समय संक्रमण काल से गुजर रहा है। कोरोना वायरस की दूसरी लहर के कहर से जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और उनके उपचार के लिए परिजनों को दर दर भटकना पड़ रहा है। वही जिन राज्यों में लॉकडाउन हो गया है वहां के रोज कमाने खाने वाले लोगों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। आपदा की इस घड़ी में जनता अपने उन नुमाइंदों को ढूंढ रही है जो वोट लेने के लिए तो जब उनके दरवाजे पर आते थे तो खुद को उनका सेवक बताते थे और हर सुख दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाते थे लेकिन आज जब इतनी बड़ी आपदा आ गई है तो वे लापता हो गए है। किसी एक राजनीतिक पार्टी की बात नहीं सभी राजनीतिक दलों के सांसद, विधायक और पार्षद सहित तमाम जनप्रतिनिधि गधे के सिर से सिंग की तरह गायब हो गए है जबकि लोगों के इस दुख को बांटने के लिए उन्हे आगे आना चाहिए था। बेशक के लोगों की मदद न करें लेकिन उनका हौसला तो बढ़ा ही सकते है इसमे तो उनका कुछ खर्च नहीं होगा लेकिन न जाने क्यों अधिकांश माननीय अपने घरों में दुबक गए है। ऐसे निष्क्रिय नुमाइंदों को यह नहीं भूलना चाहिए कि अगले बार चुनाव के दौरान उन्हे फिर जनता के बीच जाना पड़ेगा, उस समय वे कौन सा मुंह लेकर वोट मांगने जाएंगे। खार खाई बैठी जनता उन्हे करारा सबक सिखाएगी। इन नेताओं को उन समाज सेवियों और स्वयं सेवी संगठनों से प्रेरणा लेनी चाहिए जो अपनी जान जोखिम में डाल कर आपदा की इस घड़ी में पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अपने हाथ आगे बढ़ा रहे है, जरूरत मंद लोगों के लिए लंगर चला रहे है, घर घर खाने पीने की चीजे पहुंचा रहे है और कोरोना संक्रमितों के उपचार के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रहे है। जबकि यह काम नेताओं को करना चाहिए और मुसीबत के समय जनता के साथ खड़े होना चाहिए। अभी न तो संसद चल रही है और न ही विधानसभाओं की बैठके हो रही है और न ही नगरी निकायों में कोई गतिविधि चल रही है। जाहिर है सभी माननीय इस वक्त खाली बैठे है उनके लिए जन सेवा का यह स्वर्णिम अवसर है जिसे वे खो रहे है और अपने लिए मुसीबत का बीज बो रहे है। अभी भी समय है कि तमाम जनप्रतिनिधि अपने घरों से बाह निकले और जनता के बीच पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान करें और कुछ नहीं तो कम से कम लोगों का हौसला तो बढ़ाएं। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो जनता उन्हे कभी माफ नहीं करेगी और जब भी चुनाव होंगे आम जनता ऐसे अकर्मण्य जनप्रतिनिधियों का तरीके से हिसाब करेगी।

विचार

इलाज के मोर्चे पर हम कैसे जीतेंगे

भारत में ट्विटर एक हताशा भरी जगह है। बेड, ऑक्सीजन के स्रोत, रेमडेसिविर और प्लाज्मा के लिए अनुरोध से ट्विटर भरा पड़ा है। यहां तक कि वॉलंटियर भी संदेशों का प्रसार कर रहे हैं और मदद के लिए संघर्ष कर रहे हैं। टोसिलिजुमैब और इटोलिजूमैब जैसे कठिन उच्चारण वाले शब्द लोगों की बातचीत और मैसेज में सुनने को मिल रहे हैं और परिवार या दोस्त की देखभाल के लिए आवश्यक चीजें जुटाने में असमर्थ होने की वजह से लोग निराशा और अपराधबोध से ग्रस्त हो रहे हैं। हम एक ऐसी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के साथ संघर्ष कर रहे हैं, जो बेहतर हालात में भी पहुंच और गुणवत्ता के लिहाज से असमानता से भरी है। मौसमी बीमारियों में वृद्धि होती है, तो उसके लिए भी अस्पतालों में सीमित क्षमता है। प्रशिक्षित और योग्य स्टाफकम हैं, खासकर संक्रामक रोगों और गंभीर रोगियों की देखभाल के संदर्भ में, और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था अस्त-व्यस्त है। किसी भी समय, और खासकर अभी की स्थिति में साक्ष्य-आधारित चिकित्सा, या 'सही समय पर सही मरीज की सही देखभाल' जरूरी है। भारतीय चिकित्सा समुदाय और स्वास्थ्य निति निर्माताओं के रूप में हमने इस महामारी के समय अच्छा काम नहीं किया है। चिकित्सा की भारतीय प्रणालियों में सदियों से अर्जित ज्ञान का भी हमने अनादर किया है। हमने हाइड्रोक्सीक्लोरोक्विन जैसी दवाओं के मामले में विशेषज्ञों की राय को ताक पर रख दिया, जबकि आंकड़ों से यह बात सामने आ रही थी कि इसने काम नहीं किया है। पिछले हफ्ते राष्ट्रीय कोविड-19 टास्क फोर्स के दिशा-निर्देशों में हाइड्रोक्सीक्लोरोक्विन और बुडेसोनाइड के इस्तेमाल को समतुल्य माना गया है और अनुशंसा की गई है कि ये दवाएं 'काम कर सकती हैं'। बुडेसोनाइड का कम से कम ओपन लेवल स्टोइक परीक्षण ने समर्थन किया है और दिखाया है कि इससे अस्पताल में दाखिल होने की जरूरत कम पड़ती है और ठीक होने में कम समय लगता है। साक्ष्य आधारित चिकित्सा के लिए आजीवन सीखने व चिकित्सा बिरादरी तथा मरीजों की निरंतर शिक्षा की जरूरत होती है। एक नई संक्रामक बीमारी के लिए, जहां हमें इस बात की कम जानकारी है कि उसमें नुकसान कैसे होता है और इसे कैसे संभालना है, वैसी हालत में पुरानी और नई दवाओं तथा चिकित्सा प्रबंधन उपायों का परीक्षण करके साक्ष्य पैदा करने पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। महामारी के दौरान शुरू में हम चीन से आने वाली जानकारी पर बहुत अधिक निर्भर थे, जहां यह दिखाई दिया कि हमें तुरंत और गहन वेंटिलेटर की आवश्यकता है, और तब एंटी-वायरल तथा अन्य दवाओं के लिए कई परीक्षणों का समर्थन किया गया था। गहन देखभाल विशेषज्ञों के अनुभवों के माध्यम से अब हम जानते हैं कि कई मरीजों को ऑक्सीजन मास्क, हाई-फ्लो नेजल कैन्यल या नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन की मदद से जहां तक संभव हो सके।

अभिव्यक्ति

दूसरी बार दशक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बने विराट

योगेश कुमार गोयल

> विराट कोहली की विराट शख्सियत के बारे में आस्ट्रेलिया के विख्यात क्रिकेटर टॉम मूडी का कहना है कि विराट इस शिखर पर अकेले हैं, जहां न पहले कोई था और न बाद में कोई होगा। सचिन तेंदुलकर विराट की निरंतरता और जुनून के साथ उनकी बल्लेबाजी को बेमिसाल बताते रहे हैं तो वीरेन्द्र सहवाग का उनके बारे में कहना है कि विराट ने निरंतरता को नए आयाम दिए हैं और यह 'सॉफ्टवेयर' हर वक्त अपडेट होता रहा है। बांग्लादेश के स्टार बल्लेबाज तमीम इकबाल तो विराट की तारीफकरते हुए यहां तक कहते हैं कि कभी-कभी ऐसा लगता है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली इंसान नहीं हैं क्योंकि जैसे ही वह बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं, ऐसा लगता है कि वह हर मैच में शतक बनाएंगे। तमीम के मुताबिक विराट जिस तरह अपने खेल पर कार्य करते हैं, वह अविश्वसनीय है। वह कहते हैं कि पिछले 12-13 वर्षों में उन्होंने सभी महान खिलाड़ियों को खेलते देखा है किन्तु ऐसा व्यक्ति नहीं देखा, जिसने विराट जैसा दबदबा बनाया हो।

'क्रिकेट का बाइबिल' कही जाने वाली पत्रिका विजडन क्रिकेटर्स अलमैनाक द्वारा पहले वनडे मैच की 50वीं सालगिरह पर हाल ही में 1971 से 2021 के बीच हर दशक के लिए एक सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को पत्रिका द्वारा 2010 वाले दशक का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय क्रिकेटर चुना गया जबकि इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स को लगातार दूसरे साल भी 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' चुना गया। विजडन के सम्पादक के मुताबिक स्टोक्स ने बीते साल 58 मैचों में 641 टेस्ट रन बनाए और 19 विकेट भी हासिल किए, जो किसी भी अन्य क्रिकेटर से बेहतर प्रदर्शन था। पत्रिका के अनुसार दिसम्बर माह में उनके पिता की मौत जैसी पारिवारिक त्रासदी के बावजूद उन्होंने खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। जहां तक विराट कोहली की बात है तो विश्व कप 2011 की विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे विराट ने 10 वर्षों के अंतराल में 60 से ज्यादा की औसत से 11 हजार से भी ज्यादा रन बनाए। कोहली के अलावा विजडन द्वारा मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को 1990 के दशक का वनडे क्रिकेटर और 1983 की विश्व कप विजेता भारतीय टीम के कप्तान कपिल देव को 1980 के दशक का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उल्लेखनीय है कि तेंदुलकर ने 1998 में सर्वाधिक 9 वनडे शतक बनाए थे, जो एक कैलेंडर वर्ष में किसी भी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड है। कपिलदेव ने 1980 के दशक में सर्वाधिक विकेट झटके थे और सर्वाधिक स्ट्राइक रेट से एक हजार से ज्यादा रन बनाये थे। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने 1983 विश्व कप अपने नाम किया था।

विराट पिछले चार महीनों के अंदर दूसरी बार दशक के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय क्रिकेटर चुने गए हैं। इससे पहले उन्हें 28 दिसम्बर 2020 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया था और सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार से नवाजा गया। आईसीसी द्वारा दशक की टेस्ट, वनडे और टी-20 की जिन टीमों का चयन किया गया था, स्टार बल्लेबाज कोहली तीनों ही फार्मेट में शामिल होने वाले एकमात्र क्रिकेटर रहे थे। विराट को दशक की टेस्ट टीम का कप्तान भी बनाया गया।

सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार भारतीय टीम के कप्तान 32 वर्षीय विराट ने अगस्त 2008 में श्रीलंका के खिलाफएकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और 254 वनडे में वह 12169 रन बना चुके हैं। 2011 की विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे कोहली ने कुल 42 शतकों के साथ 10 वर्षों की अवधि में ही 11 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। विगत दस वर्षों में विराट ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में कुल 66 अंतर्राष्ट्रीय शतक तथा 94 अर्धशतक जड़ते हुए 20 हजार से भी ज्यादा रन बनाए। इस

एक दशक की अवधि में उन्होंने टेस्ट, टी-20 तथा वनडे में 56.97 के औसत से 20396 रन बनाए और दशक में वनडे में 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी भी बने, जो उन्होंने 61.83 के औसत से बनाए। वनडे मैचों में विराट ने 12040 रन, टेस्ट क्रिकेट में 7318 रन और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में इन दस वर्षों में 2928 रन बनाए और सभी प्रारूपों में मिलाकर उनका औसत 50 से अधिक का रहा। 70 से अधिक पारी खेलते हुए उनका सर्वाधिक औसत 56.97 का रिकॉर्ड रहा। वन-डे में उन्होंने एक दशक में 39 शतक और 48 अर्धशतक जड़े तथा 112 कैच लपके। दिल्ली में 5 नवम्बर 1988 को जन्मे विराट कोहली का जीवन आसान नहीं रहा। जिस दिन वह दिल्ली की ओर से कर्नाटक के खिलाफ रणजी मैच खेल रहे थे, उस दिन उनके पिता का देहावसान हो गया था किन्तु दुखों का इतना बड़ा पहाड़ टूटने पर भी विराट ने टूटने के बजाय न केवल वह मैच पूरा किया बल्कि उस मैच को अपने पिता के नाम समर्पित किया था। विराट ने 2008 में एकदिवसीय मैचों में पदार्पण किया था और 2011 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा। उसी वर्ष वह विश्व कप की विजेता टीम का हिस्सा भी बने और उसी दौरान अपने पदार्पण मैच में ही शतक जड़कर अहसास करा दिया था कि उनके हौंसले कितने बुलंद हैं। अपने कैरियर का पहला रन विराट ने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में बनाया था और मजेदार बात यह रही कि उनका 10 हजारवां रन भी धोनी की मौजूदगी में ही बना था।

विराट कोहली की विराट शख्सियत के बारे में आस्ट्रेलिया के विख्यात क्रिकेटर टॉम मूडी का कहना है कि विराट इस शिखर पर अकेले हैं, जहां न पहले कोई था और न बाद में कोई होगा। सचिन तेंदुलकर विराट की निरंतरता और जुनून के साथ उनकी बल्लेबाजी को बेमिसाल बताते रहे हैं तो वीरेन्द्र सहवाग का उनके बारे में कहना है कि विराट ने निरंतरता को नए आयाम दिए हैं और यह 'सॉफ्टवेयर' हर वक्त अपडेट होता रहा है। बांग्लादेश के स्टार बल्लेबाज तमीम इकबाल तो विराट की तारीफकरते हुए यहां तक कहते हैं कि कभी-कभी ऐसा लगता है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली इंसान नहीं हैं क्योंकि जैसे ही वह बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं, ऐसा लगता है कि वह हर मैच में शतक बनाएंगे। तमीम के मुताबिक विराट जिस तरह अपने खेल पर कार्य करते हैं, वह अविश्वसनीय है। वह कहते हैं कि पिछले 12-13 वर्षों में उन्होंने सभी महान खिलाड़ियों को खेलते देखा है किन्तु ऐसा व्यक्ति नहीं देखा, जिसने विराट जैसा दबदबा बनाया हो।

जिस समय विराट के कैरियर की शुरूआत हुई थी, उस समय क्रिकेट में धोनी और सहवाग की तूती बोलती थी लेकिन विराट ने कुछ ही समय में अपने प्रदर्शन से हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। हालांकि तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक दिन यही विराट अपने नाम के ही अनुरूप क्रिकेट में विराट कीर्तिमान स्थापित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का इतना बड़ा सितारा बन जाएगा और रिकॉर्डों के मामले में क्रिकेट के भगवान माने जाते रहे सचिन तेंदुलकर को भी पीछे छोड़ देगा। अंडर-19 क्रिकेट टीम हो या सीनियर टीम, विराट ने हर जगह अपने बल्ले से ऐसे जलवे दिखाए हैं कि खेलप्रेमी उनके दीवाने हो गए।

भविष्य की जरूरतों के हिसाब से हो

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> इस आपदा के दौरान रेमडेसिविर इंजेक्शनों की कालाबाजारी ने यह तो साबित कर दिया है कि आपदा को लाभ के अवसर में बदलने की कोशिश में इन लोगों का कितना नैतिक पतन हो चुका है। इस आपदा के दौरान भी लाभ-हानि के गणित में मानवीय मूल्यों को कलंकित कर रहे हैं। चंद लोगों की वजह से न केवल मानवता शर्मसार हो रही है बल्कि सरकार के सारे प्रयास धूल-धूसरित हो रहे हैं। सरकार को अब सख्त कदम उठाने चाहिए। भारत में कोरोना वायरस का एक बड़ा उछाल है। यह अब नियंत्रण से बाहर लग रहा है। लॉकडाउन अब संभव नहीं है क्योंकि इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी और यह बेरोजगारी तथा भुखमरी पैदा करेगा।

कोरोना की दूसरी लहर का कहर थम नहीं रहा है। संक्रमित लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। कोरोना की प्रचण्डता के सामने स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ाती हुई दिख रही हैं। केंद्र और राज्य सरकारें अपने स्तर से कोरोना की रोकथाम में जुटी हैं, लेकिन कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा नित नए रिकार्ड छू रहा है। कोविड 19 ने एक पुनरूश्च राज्य के समक्ष बडी चुनौती पेश की है। यह माना जा रहा था कि 2021 कोरोना के सफाए का साल होगा, लेकिन मार्च माह में संक्रमितों की बढती संख्या ने इस अनुमान को मिथ्या साबित कर दिया है। दैनंदिन मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। गंभीर रूप से संक्रमित मरीजों की तादाद तो बढ़ी ही है, मृतकों की संख्या में भी इजाफा डरा रहा ळें

बीते बुधवार को 3 लाख 79 हजार 164 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। अब तक एक दिन में मिले नए मरीजों का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले बीते 27 अप्रैल को सबसे ज्यादा 3.62 लाख मरीजों की पहचान हुई थी। सरकारी अमले का सारा जोर वर्तमान स्थिति को सुधारने में है। लेकिन जिस तरीके के हालात हमारे सामने हैं उसमें यह बात काफी हद तक जरूरी है कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर हमें अपनी तैयारियां करनी चाहिए।

इस समय सबसे ज्यादा हाहाकार आक्सीजन को लेकर देशभर में मचा है। ऑक्सीजन के संकट के कारण बीते कुछ दिनों के भीतर ही हजारों जानें चली गईं। बवाल मचा तो आनन-फानन में युद्धस्तर पर प्रयास किये जाने लगे। विदेशों तक से आयात किया जाने लगा। निजी क्षेत्र के उद्योगों द्वारा भी अपने काम की ऑक्सीजन अस्पतालों को दी जा रही है। देश भर में ऑक्सीजन उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि हो रही है। सरकारी और निजी अस्पताल अपने यहाँ संयंत्र लगाने में जुटे हुए हैं जिससे भविष्य में ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न होने पर चिकित्सा व्यवस्था इस तरह विकलांग होकर न खडी हो जाये। इसके अलावा छोटे घरेलू सिलेंडर भी तेजी से बाजार में आ रहे हैं। देश में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है, लेकिन यह खराब तत्वों द्वारा पैदा की गई स्थिति है। काले

बाजार के कारोबारी इस जटिल व्यवसाय में शामिल हो गए हैं, क्योंकि अस्पतालों में ऑक्सीजन की भारी मांग है। जब मांग बढ़ जाती है तो वे सक्रिय हो जाते हैं। हमारे देश में भ्रष्टाचार चरम पर है। भ्रष्ट लोगों की आम लोगों के जीवन में कोई दिलचस्पी नहीं है, वे चाहे मरें या जिएं। इन्हें तो केवल अपने पैसे और अपने जीवन से मतलब होता है। ऐसे लोग इस देश को दीमक की तरह चाट रहे हैं। इसलिए सरकार को ऐसे संदिग्ध तत्वों पर पकड़ मजबूत करनी चाहिए क्योंकि वे राष्ट्र के विकास में बाधक बनते हैं। सी जानकारी है उसके मुताबिक जनवरी में विभिन्न राज्यों के सरकारी अस्पतालों में 162 संयंत्र लगाने के लिए उक्त कोष से 200 करोड़ रु. जारी किये गये किन्तु अपवाद स्वरुप छोड़कर या तो संयंत्र का काम शुरू नहीं हुआ अथवा मंथर गति से चल रहा है।

गत दिवस प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने देश के 551 जिलों के सरकारी अस्पतालों में आक्सीजन संयंत्र लगाने के लिए फिर राशि स्वीकृत कर दी है जिनके प्रारम्भ हो जाने के बाद से देश के तकरीबन सभी हिस्सों में आक्सीजन की आपूर्ति और परिवहन आसान हो जाएगा। हालाँकि जिस तरह की परिस्थितियां बीते कुछ दिनों में बनीं उसके बाद इसे आग लगने पर कुआ खोदने का प्रयास ही कहा जाएगा लेकिन दूसरी तरफये भी सही है कि जो राज्य पूर्व में धन मिलने के बावजूद समय रहते आक्सीजन संयंत्र नहीं बना सके उनसे उसका कारण तो पता किया जाना ही चाहिए। कुल मिलाकर रेमिडिसिविर इंजेक्शन के बाद अब ऑक्सीजन देश में सबसे चर्चित विषय बन गया। ये अच्छी बात हुई कि जिस तेजी से समस्या पैदा हुई उतनी ही तेजी से उसका समाधान निकालने की कोशिशें भी सफल हो रही हैं। इस दौरान एक बार फिर ये साबित हो गया कि भारत की मिट्टी में उद्यमशीलता और सृजनशीलता समाई हुई है। लेकिन उसी के साथ जो सबसे बड़ा दुर्गुण ये है कि उसका उपयोग समय पर नहीं हो पाने से अक्सर जरूरत के समय वह काम नहीं आती।

कोविड-19 और भ्रष्टाचार की लहर साथ-साथ दौड़ रही है। एक तरफ जहां लोगों को कोरोना ने परेशान किया है वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार ने भी कोई कमी नहीं छोड़ी। चाहे वो मास्क, सैनिटाइजर या अन्य दवाइयों की बिक्रीय बंद शिक्षण संस्थानों द्वारा फीस वसूल करने, भर्तियों के फर्जीवाड़े या ट्रैफिक चालान काटने में ही क्यों न हो। अब तो अस्पतालों में ऑक्सीजन व वैक्सीन की कमी के चलते इन्हें मनचाहे दामों में बेचकर लोगों की मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है। आज कोरोना महामारी के संकट में कुछ लोग बेईमानी, लालच और कालाबाजारी जैसी बुरी प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहे हैं। कोरोना की दूसरी भयावह लहर इनसानों को बुरी तरह से लील रही है। वहीं कोरोना से बचाव के लिए न केवल दवाओं की कालाबाजारी की जा रही है, मनमाने दाम भी वसूले जा रहे हैं और कोई दवाओं को लूट रहा है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बुनाई कला जानती

बुनाई कला जानती थी माँ अच्छी तरह से वाकिफ थी इस कला से बुना था उन्होंने खूबसूरत रिश्ते भी प्रेम के धागों से पिता,पुत्र भाई बहन के कलात्मक बूटों से सजाया था घर का कोना कोना बुना था उन्होंने घर की दर-दीवारें भी और बनाया था हमारे घर-संसार का आकृष्ट नमूना। **- प्रियंका प्रियदर्शनी**

लग रहा मानवता

लग रहा मानवता और संवेदन शीलता ख़त्म हो रही है लोग सोशल मीडिया पर पार्टियों में बँटे हुए है .कोई मोदी जी की तारीफ़ कर रहा है तो कोई कोस रहा है पर हकीकत है की सिस्टम फेलियर है और लोग भटक रहे है। सम्पूर्ण इलाज नहीं मिल रहा है। यही सत्य है पार्टियों से जुड़े लोगो कृपया मजाक मत बनाये। आप भी सुरक्षित रहे औरो के लिए प्रार्थना करें। **- पंकज मिश्रा**

खास पाती

बजरंगबली हे शंभुरूप

बजरंगबली हे शंभुरूप, हनुमान तुम्हारी जय होवे, तुम राम सनेही, राम दूत, भगवान तुम्हारी जय होवे .. लंका में गए अकेले ही, सौ दंश वहां पर झेले भी, फिर भी कर आए हठेले जी, सिय काम.. तुम्हारी जय होवे .. निज का कुछ लोभ न काम नहीं, प्रभु काज बिना आराम नही, बिनु आपके, राम हैं राम नहीं, निष्काम, तुम्हारी जय होवे अंधियारे में उजियारा तुम, हो भक्ति पटल ध्रुव तारा तुम, भक्तों का एक सहारा तुम, अभिमान, तुम्हारी जय होवे हो मेरा भी अभिमान..सुनो हनुमान तुम्हारी जय होवे। **- निश्चय वाजपेयी**

आंधियों को आसरा देता गया

आंधियों को आसरा देता गया बुझते शोलों को हवा देता गया जिंदगी घर से निकाला दे रही अपना ही मेरा पता देता गया तेरे मेरे दरमियां जो आया है फासलों को हौसला देता गया जानता हूं लौट आयेंगी सदा बावरा आवाज़ें मन देता गया सांस की तालाश में हुए दर-बदर जबसे पीपल का गला रेता गया चढ़ गया है जब करैला नीम पर रक्तमधु में वह मज़ा देता गया तुम्हें खुशियाँ उम्र भर मिलती रहें इश्क़ मुझको मशविरा देता गया। **- नरेन्द्र पाण्डेय**

हर प्राईवेट स्कूल को कोविड

हर प्राईवेट स्कूल को कोविड सेंटर बनाया जाए जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन का हो और वहाँ के कस्टमर या ग्राहको के परिवार वालों को प्राथमिकता मिले। क्योंकि सम्पूर्ण फीस तो ले रहे है बिना कोई क्लास लगे बिना मेंटनेंस के बगैर। बहरहाल ग्राहक शब्द उपयोग मैने जानबूझकर किया है क्योंकि स्कूल एक व्यावसायिक संस्थान है।

- अंबर दानी

परिवार का हाथ पकड़ कर चलिये

परिवार का हाथ पकड़ कर चलिये; लोगों के पैर पकड़ने की नौबत नहीं आएगी; परिवार के प्रति जब तक मन में खोंट और दिल में पाप है; तब तक सारे मंत्र और जाप बेकार है। जीवन एक यात्रा है रो कर जीने से बहुत लम्बी लगेगी; और हंस कर जीने पर कब पूरी हो जाएगी; पता भी नहीं चलेगा। **- वर्षा ठाकुर**

चोटी पकड़ इस दैत्य की मुख

चोटी पकड़ इस दैत्य की मुख पर कीजे गदा प्रहार! दारुण दुख सृष्टि मे छाया चहूँ ओर मचा है हाहाकार महामारी को कुचल दिजे हनुमानजी कृपा अब कीजे आप सक्षम भक्त हितकारी सुनिए प्रभु यह विनती हमारी! राम को प्यारे, अंजनी दुलारे संकट में पीर हरो प्रभु हमारे। **- मेनका त्रिपाठी**

आजा दे दी है इजाज़त

आजा दे दी है इजाज़त तुझे ख़ुवाबों में मेरे आने की क्या ज़रूरत तुझे मुझसे मिलने को किसी बहाने की ज़माना सदा जलता ही रहा मुहब्बत करने वालों से दिल में रख सहेज लूँगी ज़ालिम निगाहों से ज़माने की। **- नीलोफर नीलू**

रात ढलेगी दिन भी होगा सूरज

रात ढलेगी दिन भी होगा सूरज किरणें फैलायेगा साहस का परिचय देने पर परिणाम सुखद ही आयेगा विकट अँधेरा अट्टहास कर काल निमंत्रित करता है पौ फटते ही काल भी अपना काला साया ले जायेगा।

- सृष्टि सिंह

QUIZ TIME

1) 'भूलन कांदा' किस साहित्यकार की रचना है?
2) पद्मश्री सम्मानित छत्तीसगढ़ के कवि कौन है? (मुकुटधर पाण्डेय / लोचन प्रसाद पाण्डेय / नरेन्द्र देव वर्मा / सुन्दर लाल शर्मा)
3) मुरिया जनजाति का पारंपरिक निवास क्षेत्र कहाँ है?
4) छत्तीसगढ़ के महिला खिलाड़ी संगीता राजगोपाल किस खेल से संबंधित है?
5) वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार ने महुआ फूल की खरीदी 17 रू. कि.ग्रा. से बढ़ाकर कितने रूपये प्रति कि.ग्रा. रखा है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संजीव बख्शी (2) मुकुटधर पाण्डेय (3) नारायणपुर (4) वॉलीबॉल (5) 30 रूपये

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1030- गजनी के सुलतान महमूद का निधन। 1598 - अमेरिका में पहली बार थियेटर का आयोजन। 1725 - ऑस्ट्रिया के सम्राट चार्ल्स छठे और स्पेन के राजा फिलिप पंचम ने वियना की संधि पर हस्ताक्षर किए। 1754 - ग्वाटेमाला के सार्जेंट मेयर मेलचोर डे मेनकोस वाई ब्रॉन और उनकी सेना ने सैन फेलिप और कोबा लैगून की लड़ाई में ब्रिटिश समुद्री डाकू को पराजित किया। 1763 - संसद के सदस्य एवं पत्रकार जॉन विल्केस को टॉवर ऑफ लंदन में प्रतिबंधित किया गया। उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। 1789 - जॉर्ज वाशिंगटन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए। 1794 - बॉलुओ की लड़ाई लड़ी गई, जिसमें फ्रांसीसी सेना ने जनरल यूनियन के तहत स्पेन को हराया। 1812 - लुइसियाना को 18वें अमेरिकी राज्य के रूप में स्वीकार किया गया। 1838 - निकारागुआ ने सेंट्रल अमेरिकन फेडरेशन से आजादी की घोषणा की। 1864 - न्यूयॉर्क शिकार करने के लिए लाइसेंस शुल्क चार्ज करने वाला सबसे पहला राज्य बना। 1870 - भारतीय सिनेमा के पितामह कहे जाने वाले धुंडिराज गोविंद फाल्के उर्फदादा साहब फाल्के का जन्म। 1945 - जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन ने आत्महत्या की। 1956 - अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति एवं सीनेटर एल्बेन बार्कली की वर्जीनिया में एक भाषण के दौरान मौत। 1975 - वियतनाम युद्ध का अंत हुआ। 1982- भारत में बिजन सैटू नरसंहार हुआ। 2002-पाकिस्तान में राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़के पांच वर्षों के कार्यकाल में वृद्धि के लिए जनमत संग्रह सम्पन्न।

कोरोना के खिलाफ सामने आए बॉलीवुड सितारे

उर्वशी ने उत्तराखंड में डोनेट किये 27 ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने उत्तराखंड में कोरोना पीड़ित मरीजों की सहायता के लिये 27 ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स डोनेट किया है। उर्वशी रौतेला कोरोना वायरस से जारी जंग में कोविड-19 से पीड़ित मरीजों की सहायता के लिए आगे आई है। उर्वशी ने उत्तराखंड में पीड़ित लोगों के लिए फ्री में ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स मुहैया करवाई है। इस बात की जानकारी उर्वशी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये की है। उर्वशी रौतेला की पोस्ट में दो फोटो शेयर किया है , जिसमें वह खुद लोगों के बीच जाकर ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स बांटते हुए दिख रही हैं। इस जानकारी को शेयर करते हुए उर्वशी ने कैप्शन में लिखा, उर्वशी रौतेला फाउंडेशन ने उत्तराखंड में 27 ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स डोनेट किया है।

आयुष्मान-ताहिरा ने महाराष्ट्र सीएम राहत कोष में दिया आर्थिक योगदान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने कोरोना महामारी की जंग में महाराष्ट्र सीएम राहत कोष में आर्थिक योगदान दिया है।

कोरोना महामारी की जंग में पिछले साल की तरह ही लोगों ने अपना-अपना योगदान देना शुरू कर दिया है। आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने कोरोना से लड़ने के लिए महाराष्ट्र सीएम राहत कोष में आर्थिक योगदान दिया है।

मदद के लिए सुनील शेट्टी ने भी बढ़ाया हाथ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन सुनील शेट्टी कोरोना के खिलाफ जंग में लोगों की मदद के लिये आगे आये हैं। देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर खतरनाक रूप ले चुकी है।कोरोना के खिलाफ जंग में बॉलीवुड सितारे भी लोगों की मदद के लिए सामने आ रहे हैं। अक्षय कुमार, अजय देवगन , सलमान खान, टिंवकंल खन्ना के बाद अब सुनील शेट्टी भी लोगों की मदद के लिये आगे आये हैं। कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों को मुफ्त में ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स मुहैया करवाने की कैंपेन में सुनील शेट्टी का नाम भी शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी सुनील शेट्टी ने अपने ट्विटर अकाउंट से दी ट्वीट करते हुए दी है। सुनील शेट्टी ने लिखा, ÷इन दिनों हम विषम परिस्थियों से गुजर रहे हैं। लेकिन हमने लोगों एक दूसरे की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। यह एक आशा की किरण है। मैं सभी दोस्तों और फैंस से अपील करता हूं आप लोग भी लोगों की मदद के सामने आएं। यदि किसी को सहायता चाहिए या आप किसी की सहायता करना चाहते हैं तो डायरेक्ट मेसेज करें। प्लीज इसे ज्यादा से ज्यादा शेयर कर लोगों तक पहुंचाएं ताकि लोगों को मदद मिल सके।

कोरोना मरीजों की मदद के लिये आगे आये अजय देवगन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन ने कोरोना मरीजों के लिए 20 आईसीयू बेड का इंतजाम किया है।

देश भर में कोरोना वायरस की दूसरी लहर का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इस कठिन समय में बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के कलाकार लोगों की मदद के लिये आगे आ रहे हैं। अजय देवगन भी लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 20 आईसीयू बेड्स का इंतजाम करवाया है। अजय देवगन ने मुंबई के शिवाजी पार्क में 20 बेड के आईसीयू की व्यवस्था की है जिससे कोरोना मरीजों का इलाज हो सके। अजय देवगन ने इसके लिये बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को करीब एक करोड़ की राशि डोनेट की है।

न्यूज गैलरी

वार्नर ने जड़ा 50वां अर्धशतक

नई दिल्ली (वार्ता)। कप्तान डेविड वार्नर (57) के 50वें अर्धशतक और उनकी मनीष पांडेय (61) के साथ दूसरे विकेट के लिए 102 रन की जबरदस्त साझेदारी की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफयहां अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को 20 ओवर में तीन विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना लिया। वार्नर आईपीएल में 50 अर्धशतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने लेकिन यह उनका टी 20 में सबसे धीमा अर्धशतक रहा। उन्होंने 55 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 57 रन बनाये। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने टी-20 में 10 हजार रन पूरे करने की उपलब्धि हासिल कर ली। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। पांडेय इस मैच में एकादश में लौटे और अपना 20वां अर्धशतक बनाया। पांडेय ने 46 गेंदों पर 61 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। दोनों बल्लेबाज पारी के 18 वें ओवर में लुंगी एनगिदी की गेंदों पर आउट हुए। वार्नर का कैच रवींद्र जडेजा ने और पांडेय का कैच फाफ डू प्लेसिस ने लपका। केन विलियम्सन ने 19 वें ओवर में शार्दुल ठाकुर की गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए कुल 20 रन बटोरे। केदार जाधव ने 20 वें ओवर में सैम करेन की आखिरी दो गेंदों पर चौका और छक्का उड़ाते हुए टीम को 171 के चुनौतीपूर्ण स्कोर पर पहुंचा दिया। विलियम्सन ने 10 गेंदों पर नाबाद 26 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया जबकि जाधव ने चार गेंदों पर नाबाद 12 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया।

फेड ने ब्याज दरें स्थिर रखीं

वॉशिंगटन (वार्ता)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत मिलने की बात कहते हुये नीतिगत ब्याज दरों को शून्य से 0.25 प्रतिशत के बीच स्थि?र रखने का फैसला किया है। फेड की मौद्रिक नीति बोर्ड की दो दिवसीय बैठक के बाद बुधवार को जारी बयान में कहा गया है 'टीकाकरण में हुई प्रगति के बीच आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के संकेतकों में सुधार दिखा है।' उसने कहा कि मुद्रास्फिति बढ़ी है हालांकि यह अब भी दो प्रतिशत के दीर्घावधि लक्ष्य से नीचे है। ब्याज दरों को स्थिर रखने के साथ ही फेड सरकारी प्रतिभूतियों के जरिये अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ाकर इसे पहले की तरह समर्थन देता रहेगा।

एचएमएसआई के प्लांट अस्थाई तौर पर होंगे बंद

नई दिल्ली। होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने गुरुवार को कहा कि वह एक मई से देशभर में स्थित अपने चार मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट को 15 दिन के लिए अस्थाई तौर पर बंद करेगी। देश में कोविड-19 की दूसरी लहर के चलते जारी गंभीर स्थिति और उसके बाद विभिन्न शहरों में लगाए जा रहे लॉकडाउन को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि वह एक से 15 मई के दौरान उत्पादन में लगाई जाने वाली रोक का इस्तेमाल अपने संयंत्रों के सालाना रखरखाव गतिविधियों के लिए करेगी। बता दें हीरो मोटो कार्प, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर भी अपने

विभिन्न कारखानों को अस्थाई रूप से बंद करने की घोषणा कर चुके हैं। एचएमएसआई ने एक वक्तव्य में कहा है, ''कोविड-19 की बदलती परिस्थिति और बाजार में आने वाले सुधार को देखते हुए कंपनी आने वाले महीनों में अपनी उत्पादन योजनाओं की समीक्षा करेगी। कंपनी ने कहा कि इस दौरान होंडा के सभी कार्यालय सहयोगी व्यवसाय की निरंतरता बनाये रखने के लिये घर से काम करते रहेंगे। वह कंपनी के व्यवसायिक सहयोगियों और ग्राहकों को हर संभव सहायता देने के लिए काम करते रहेंगे। दुपहिया कंपनी ने कहा कि इस दौरान उसके विनिर्माण संयंत्रों में केवल जरूरी स्टाफ ही काम करेगा। एचएमएसआई के हरियाणा के मानेसर, राजस्थान में तापुकारा, कर्नाटक के नरसापुरा और गुंजरात के विठलपुर में कारखाने हैं। इन सभी कारखानों की 64 लाख दुपहिया वाहन सालाना तैयार करने की क्षमता है। इससे पहले मारुति सुजूकी इंडिया ने भी हरियाणा स्थित अपने दो संयंत्रों को रखरखाव के लिये समय से पहले बंद करने की घोषणा की। एमजी मोटर इंडिया ने भी गुजरात के हलोल स्थिति विनिर्माण संयंत्र को भी कोविद-19 से बचने के लिये सात दिन के लिये बंद करने की घोषणा की है।

पेट्रोल-डीजल के दाम 14वें दिन भी स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल के दाम गुरुवार को लगातार 14वें दिन स्थिर रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल सोमवार को 90.40 रुपये और डीजल 80.73 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। पंद्रह दिन स्थिर रहने के बाद तेल विपणन कंपनियों ने ग?त 15 अप्रैल को इनमें कटौती की थी। इसके बाद से फिर दोनों ईंधनों के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में भी पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे। पेट्रोल-डीजल के दाम की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

शेष पीएसएल में खेलेंगे आंद्रे रसेल और शाकिब अल हसन

कराची (वार्ता)। वेस्ट इंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और बंगलादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन पाकिस्तान सुपर लीग 2021 के शेष हिस्से में खेलेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रसेल और शाकिब उन बड़े नामों में शामिल हैं जिन्हें पीएसएल 2021 के शेष हिस्से के लिए रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया गया है। पीसीबी के अनुसार सभी छह फ्रेंचाइजियों ने एक जून से फिर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए ऑनलाइन रिप्लेसमेंट के तौर पर विदेशी खिलाड़ियों को चुन लिया है। टी-20 क्रिकेट के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ी रसेल क्वेटा ग्लेडियेटर्स टीम में टॉम बैंटन की जगह लेंगे, जबकि शाकिब अल हसन राशिद खान के रिप्लेसमेंट के तौर पर लाहौर कलंदर्स में शामिल होंगे। वहीं न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल को कराची किंग्स ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉलिन इनग्राम की जगह टीम में शामिल किया है। उस्मान ख्वाजा, जो बर्न्स, जेम्स फॉकनर, कैलम फर्ग्यूसन ये चार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी उन 19 खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें रिप्लेसमेंट के रूप में चुना गया है। पेशावर जल्मी, ग्लेडिएटर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड ने इनमें से एक-एक खिलाड़ियों को चुन लिया है।

सोने-चांदी के रेट में बदलाव, 43077 रुपये पर पहुंचा 22 कैरेट गोल्ड का भाव

नई दिल्ली। शादियों के सीजन के बीच आज सर्राफा बाजारों में सोने की चमक जहां पहले से बढ़ी है वहीं चांदी भी मजबूत हुई है। आज यानी 29 अप्रैल गुरुवार को 24 कैरेट सोना 168 रुपये प्रति 10 ग्राम की मामूली तेजी के साथ 47027 रुपये पर खुला। वहीं, चांदी आज 867 रुपये प्रति किलो की छलांग के साथ 68867 रुपये पर पहुंच गई है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक आज सर्राफा बाजारों में 23 कैरेट सोना 46839 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला वहीं, 22 कैरेट का भाव 43077 रुपये पर पहुंच गया है, जबकि 18 कैरेट सोने का रेट 35270 रुपये पर पहुंच गई है। बता दें इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी इस रेट और आपके शहर के भाव में 500 से 1000 रुपये का अंतर आ सकता है। बता दें कि IBJA द्वारा जारी किए गए रेट देशभर में सर्वमान्य है। हालांकि इस वेबसाइट पर दिए गए रेट में जीएसटी शामिल नहीं किया गया है। सोना खरीदते-बेचते समय आप IBJA के रेट का हवाला दे सकते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक ibja देशभर के 14 सेंटरों से सोने-चांदी का करेंट रेट लेकर इसका औसत मूल्य बताता है। सोने-चांदी का करेंट रेट या यूं कहें हाजिर भाव अलग-अलग जगहों पर अलग हो सकते हैं पर इनकी कीमतों में थोड़ा अंतर होता है।

सहारा के चेयरमैन सुब्रत राय कोविड-19 संक्रमण से मुक्त

नई दिल्ली। सहारा समूह के चेयरमैन सुब्रत राय सहारा कोरोना वायरस की बीमारी से ठीक हो गये हैं और जांच के बाद उनकी 'नेगेटिव रिपोर्ट' आई है। कोविड- 19 से ठीक होने के बाद राय ने कहा, ''मेरे लिये जिन लोगों ने भी प्रार्थना की मैं उन सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं। यहां जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक राय ने लोगों से जल्द से जल्द टीका लगवाने की भी अपील की है। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच राय ने सभी से अपने आप को सुरक्षित रखने को कहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सहारा इंडिया परिवार के चेयरमैन और प्रबंध कार्यकर्ता सुब्रत राय की कोरोना वायरस जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। बुधवार को किए गए आरटी- पीसीआर परीक्षण में इसकी पुष्टि हुई है। राय के 9 अप्रैल को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की जानकारी दी गई थी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक बृहस्पतिवार को भारत में पिछले 24 घंटे के दौरान संक्रमण के 3,79,257 नये मामले सामने आये हैं। इन्हें मिलाकर संक्रमित लोगों का कुल आंकड़ा 1,83,76,524 तक पहुंच गया है। वहीं सक्रिय मामलों की संख्या 30 लाख को पार कर गई है।

पूर्व तेज गेंदबाज पर आईसीसी ने लगाया छह साल का प्रतिबंध

दुबई (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज नुवान जोयसा पर उसकी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन को लेकर छह साल का प्रतिबंध लगाया है। इस दौरान वह किसी भी तरह से क्रिकेट के साथ कोई संपर्क नहीं रख पाएंगे। इससे पहले जोयसा पर 31 अक्टूबर 2018 को प्रतिबंध लगा था तब उन्हें पहली बार अनंतिम रूप से निलंबित किया गया था।

आईसीसी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक जोयसा पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अनुच्छेद 2.1.1, 2.1.4 और 2.4.4 के उल्लंघन का आरोप है। 42 वर्षीय जोयसा को अनुच्छेद 2.1.1 के तहत मैच फिक्सिंग संबंधित समझौते के लिए पार्टी बनने, अनुच्छेद 2.1.4 के तहत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी खिलाड़ी को जानबूझकर अनुच्छेद 2.1 के उल्लंघन का भागीदार बनाने और अनुच्छेद 2.4.4 के अनुसार भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने संबंधी आरोपों को लेकर भी आईसीसी की एंटी करप्शन यूनिट (एसीयू) के पास रिपोर्ट न किए जाने का दोषी पाया गया है।

अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से आईसीसी ने जोयसा पर टी-10 लीग के प्रतिभागियों को ईसीबी भ्रष्टाचार-निरोधी संहिता के तीन महत्वपूर्ण नियमों को तोड़ने के लिए उकसाने को लेकर भी दोषी ठहराया है, जिस पर कार्रवाई जारी है।

आईसीसी की इंटेग्रिटी यूनिट के महाप्रबंधक एलेक्स मार्शल ने बुधवार को कहा, ÷ नुवान ने एक दशक लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान कई भ्रष्टाचार विरोधी सत्रों में भाग लेते हुए श्रीलंका के लिए 125 मैच खेले। राष्ट्रीय कोच की अपनी भूमिका में उन्हें एक रोल मॉडल के रूप में काम करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय वह एक भ्रष्ट व्यक्ति के साथ मिल गए और दूसरों को भी भ्रष्ट करने

रोमांचक मुकाबला

हैदराबाद छह मैचों में पांचवीं हार झेलकर तालिका में आठवें और अंतिम स्थान पर

गायकवाड़ और डू प्लेसिस की साझेदारी, चेन्नई ने हैदराबाद को दी शिकस्त

नई दिल्ली (वार्ता)। सलामी बल्लेबाजों रुतुराज गायकवाड(75) और फाफ डू प्लेसिस (56) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच 129 रन की ओपनिंग साझेदारी की बदौलत चेन्नई सुपरकिंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को बुधवार को आईपीएल मुकाबले में एकतरफा अंदाज में सात विकेट से हरा दिया।

हैदराबाद ने कप्तान डेविड वार्नर (57) के 50वें अर्धशतक और उनकी मनीष पांडेय (61) के साथ दूसरे विकेट के लिए 102 रन की जबरदस्त साझेदारी की मदद से यहां अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को 20 ओवर में तीन विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन चेन्नई ने 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 173 रन बनाकर मैच निपटा दिया। चेन्नई की छह मैचों में यह पांचवीं जीत है जबकि हैदराबाद छह मैचों में पांचवीं हार झेलकर तालिका में आठवें और अंतिम स्थान पर है। वार्नर आईपीएल में 50 अर्धशतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने लेकिन यह उनका टी 20 में सबसे धीमा अर्धशतक रहा। उन्होंने 55 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 57 रन बनाये। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने टी-20 में 10 हजार रन पूरे करने की उपलब्धि हासिल कर ली। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। पांडेय इस मैच में एकादश में लौटे और अपना 20वां अर्धशतक बनाया। पांडेय ने 46 गेंदों पर 61 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। दोनों बल्लेबाज पारी के 18 वें ओवर में लुंगी एनगिदी की गेंदों पर आउट हुए। वार्नर का कैच रवींद्र जडेजा ने और पांडेय का कैच फाफ डू प्लेसिस ने लपका। न्यूज़ीलैंड के केन विलियम्सन ने 19 वें ओवर में शार्दुल ठाकुर की गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए कुल 20 रन बटोरे। केदार जाधव ने 20 वें ओवर में सैम करेन की आखिरी दो गेंदों पर चौका और छक्का उड़ाते हुए टीम को 171 के चुनौतीपूर्ण स्कोर पर पहुंचा दिया। विलियम्सन ने 10 गेंदों पर नाबाद 26 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया जबकि जाधव ने चार गेंदों पर नाबाद 12 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया।

यात्रा प्रतिबंधों के चलते भारतीय रिले टीमें स्वदेश में फंसी

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत की महिला की चार गुना 100 मीटर और पुरुषों की चार गुना 100 मीटर रिले टीमें विभिन्न देशों द्वारा कोविड 19 के चलते लगाए गए नए यात्रा प्रतिबंधों के कारण स्वदेश में ही रह गयी हैं। भारतीय टीमें अब पोलैंड में चोरजोव में एक और दो मई को वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले सिलेसिया में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। रॉयल डच एयरलाइन्स (केएलएम)ने भारतीय धावकों को बताया कि हॉलैंड सरकार द्वारा भारत से यात्रियों को लाने से प्रतिबंधित किये जाने के बाद वह उन्हें मुंबई में उड़ान पर चढ़ने का मौका नहीं दे सकती है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल जे सुमारिवाला ने कहा , ÷हम इस समय काफी निराश हैं भारतीय हवाई अड्डों और वॉरसॉ (पोलैंड)के बीच कोई सीधी उड़ाने नहीं हैं। इसका मतलब है कि हमारे सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद टीमें किसी और एयरलाइन पर सवार नहीं हो पाएंगी। सुमारिवाला ने कहा,÷ पिछले 24 घंटों में हमने सभी विकल्प आजमाए , अपने सभी संसाधनों का इस्तेमाल किया , हम लगातार आयोजकों, वर्ल्ड एथलेटिक्स, विभिन्न कांसुलेट्स और एयरलाइन्स से बातचीत करते रहे लेकिन मौजूदा हालात में कोई भी हमारी बात मानने के लिए तैयार नहीं हुआ।

असहाय परिवार को दशकर्म के लिए खरसिया पुलिस दिया राशन

खरसिया। खरसिया विधानसभा के ग्राम बांसमुड़ा निवासी रामकुमार राठिया, पिता सूरज राठिया उम्र 30 वर्ष जिसका बीमारी की वजह से निधन हो गया। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है तथा मृतक रामकुमार के 2 छोटे बच्चे है। जिनको आज दिनांक 29 अप्रैल को दशगात्र हेतु थाना खरसिया की ओर से मृतक के माँ सुमित्रा बाई राठिया को राशन समान प्रदाय कर सहयोग किया गया। खरसिया पुलिस की इस पहल की सभी सराहना कर रहे हैं।

गंडई के अग्रसेन भवन में जल्द बनेगा कोविड सेंटर, किया अधिकारियों के टीम ने निरीक्षण

गंडई पंडरिया। नगर में कोरोना की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए कोविड सेंटर के नवीन स्थापना हेतु जिलाधीश के निवेदन उपरांत अनुविभागीय अधिकारी गंडई लवकेश ध्रुव ने अग्रसेन भवन गंडई में कल गुरुवार को दोपहर में निरीक्षण कर नायब तहसीलदार भरत लाल ब्रम्हे स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अभिनव पंसारी नगर पंचायत के सीएमओ प्रमोद शुक्ला को कोविड प्रोटोकॉल के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं इस पूरे कोविड सेंटर नवीन स्थापना के लिए हम सभी अग्रवाल समाज के भाइयों का दिल से आभार व्यक्त करते हैं कि इस वैश्विक आपदा के कठिन परिस्थितियों में उन्होंने अपने सामाजिक भवन को स्वास्थ्य विभाग के कोरोना पॉजिटिव के पीड़ित मरीजों के लिए यह भवन बिना किसी स्वार्थ के दिए हैं।विगत दिनों पूर्व में गंडई के पार्षद भिझेश यादव व मोहसिन खान यूथ कांग्रेस अध्यक्ष खैरागढ़ विधानसभा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी गंडई को आवेदन प्रस्तुत किया गया था, इस पूरे प्रक्रिया में पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस के नवाज खान को अवगत कराया गया था कि नगर पंचायत गंडई क्षेत्र में कोविड सेंटर नहीं बनाया गया है जिस पर नवाज खान के द्वारा कलेक्टर महोदय से टेलिफ़ोन पर चर्चा कर जल्द ही गंडई में ऑक्सीजन बेड युक्त कोविड सेंटर की स्थापना के लिए आग्रह किया गया था।

साहू समाज के द्वारा कोविड केयर सेंटर बागबाहरा के लिए 200 एंटीबायोटिक इंजेक्शन का किया गया सहयोग

महासमुंद नवप्रदेश। साहू समाज ने कोविड केयर सेंटर बागबाहरा में लगभग 02 लाख तक के सहयोग का बीड़ा उठाया है। इसी क्रम में चैथे चरण में भर्ती मरीजों के लिए एंटीबायोटिक इंजेक्शन का सहयोग किया गया। सामाजिक पदाधिकारी लगातार स्वास्थ्य विभाग के संपर्क में है, उन्होंने आस्वस्थ किया था कि जिस प्रकार से भी जरूरी सहयोग बने वो करने को तैयार है। इसी कड़ी में कोविड केयर सेंटर में ड्यूटी कर रहे डॉक्टरों से चर्चा किया। जिसमें उन्होंने बताया कि एंटीबायोटिक इंजेक्शन वर्तमान में भर्ती सभी मरीजो के लिए आवश्यक है। इस इंजेक्शन से भर्ती मरीजों में रिकवरी अच्छा देखने को मिल रहा है। मरीज के परिजन इंजेक्शन के लिए इधर-उधर भटकते है और मिल भी नहीं पाता। कुछ मरीजों के परिजन यह इंजेक्शन दिलाने में सक्षम भी नहीं थे। इन्हीं सब परेशानियों को देखते हुए समाज के पदाधिकारियों ने यह इंजेक्शन दिलाने का निर्णय लिया और कल बुधवार 28 अप्रैल को 200 नग इंजेक्शन कोविड केयर सेंटर के लिए एसडीएम कार्यालय बागबाहरा पहुंचकर प्रदान किया गया। साहू समाज के लोगों ने कहा कि हमारें समाज की ओर से समय-समय पर इस तरह का सहयोग आगामी समय में भी किया जाएगा। ताकि इस विपत्तिकाल मे किसी भी मरीज को कोई परेशानी न हो।

जिले के बाढ़ प्रभावित किसानों को 8 महीने बाद भी नहीं मिली क्षतिपूर्ति : योगेश तिवारी

बेमेतरा। कोरोना संकट में हर वर्ग को आर्थिक मार झेलनी पड़ रही हैं, खासकर किसानों की परेशानी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। एक ओर जहां कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है, वही सरकार से भी राहत मिलती नहीं दिख रही हैं। उक्त बातें किसान नेता योगेश तिवारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि बीते वर्षा ऋतु में शिवनाथ व खारुन नदी के किनारे बसे बाढ़ प्रभावित गांव के किसानों को क्षतिपूर्ति का अभी भी इंतजार हैं। इस सम्बंध में रोज किसानों के फ़ोन आ रहे हैं। किसानों ने अपनी आर्थिक दशा से योगेश तिवारी को अवगत करते हुए बताया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में आरबीसी 6-4 के तहत सर्वे हुए करीब 8 माह बीत चुके हैं, बावजूद अब तक क्षतिपूर्ति नही मिली हैं। नदी किनारे बसे गांव के हजारों किसान प्रभावित - कोरोना संकट में किसानों को सरकार से राहत की उम्मीद है, लेकिन राहत तो छोड़िए क्षतिपूर्ति की राशि भी नहीं मिल पा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण हैं। ग्राम संडी, डंगनिया, ताकम, ढाबा, देवसरा, खुड़मुडी, अछोली, रवेली, सहगांव, जमघटडीह, मंगलोर, सलधा, कुम्हि, खमरिया, बहेरघट, भालेसर समेत नदी से लगे गांव के हजारों किसान प्रभावित हुए थे।

लगातार मिल रही है शिकायतों के बाद आदित्या हॉस्पिटल को प्रदान की गई अनुमति को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक लगाई रोक

■ आदित्या हॉस्पिटल महासमुन्द में पूर्व के भर्ती कोविड–19 के उपचाररत् मरीजों का इलाज सुचारू रूप से जारी रखेंगे

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। कोरोना त्रासदी के बीच एक ओर जहां मानवीय पहलुओं को जीवंत करती बातें सामने आती हैं, वहीं कई ऐसे भी हैं जो इस आपदा को भी कमाई के अवसर के तौर पर देख रहे हैं। खास तौर पर स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में लगे कुछ अस्पताल व इनके कर्मी शामिल हैं। ऐसे ही तत्वों पर अब प्रशासन ने सख्त कार्रवाई किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. मंडपे ने बताया कि 10 अप्रैल 2021 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय महामसुन्द के आदेश क्रमांक/ नर्सिंग होम/ एक्ट/ 2021/ 1560 के द्वारा कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम के लिए आदित्या हॉस्पिटल, पुरानी मंडी रोड, गंज पारा महासमुन्द को

कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के शासन द्वारा निर्धारित दर से उपचार की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त क्लीनिकल स्थापना के विरूद्ध लगातार शिकायत प्राप्त हो रही है कि अस्पताल संचालक द्वारा शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित संस्था को पत्र क्रमांक 1795 दिनांक 23 अप्रैल 2021 एवं पत्र क्रमांक 1889 दिनांक 28 अप्रैल 2021 के द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया था। इस संबंध में आज दिनांक तक संबंधित संस्था का जवाब कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। नोटिस जारी करने के पश्चात् संबंधित संस्था के विरूद्ध लगातार अधिक राशि वसूल किए जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही है एवं दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से इनके विरूद्ध समाचार प्रकाशित किया जा रहा है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य नहीं करने के कारण आदित्या हॉस्पिटल महासमुन्द को कोविड-19 मरीजों के उपचार के लिए प्रदाय की गई अनुमति को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक रोक लगाई गई है।

डॉ. मंडपे ने बताया कि आदित्या हॉस्पिटल द्वारा पूर्व में भर्ती कोविड-19 के उपचाररत् मरीजों का इलाज सुचारू रूप से जारी रहेगा। परंतु कोविड-19 के नए मरीजों की भर्ती के लिए आदित्या हॉस्पिटल में रोक लगा दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. मंडपे ने बताया कि इसी तरह महासमुन्द जिले के 02 अस्पतालों इनमें आर.एल.सी. हॉस्पिटल महासमुन्द एवं भारती हॉस्पिटल सरायपाली को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसमें आर.एल.सी. हॉस्पिटल महासमुन्द एवं भारती हॉस्पिटल सरायपाली को कोविड-19 के मरीजों के कोविड-19 जॉच के एवज् में शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूली किए जाने के कारण नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है।

लॉकडाउन में बेजुबानों का सहारा बने आवेज, खुद के पैसे से गायों को करा रहे भोजन

■ आवेज बचपन से गायों की करते आ रहे हैं सेवा, लॉकडाउन के चलते बेजुबानों को नहीं मिल रहा था खाना तो उठाया बीणा

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। कोरोना वायरस के चलते जिले में 6 मई सुबह 6 बजे तक लॉकडाउन चल रहा है, जिसके कारण लोग अपने-अपने घरों में कैद हैं तो वहीं सड़कों पर घुमने और मंदिरों में भक्तों के प्रसाद से पेट भरने वाले बंदर भूख के चलते तड़प रहे हैं। इन्हीं बेजुबानों को शहर के कुछ युवा सहारा बनकर सामने आए हैं और खुद के पैसे से भूसा, घास, बिस्कुट, ब्रेड सहित तमाम खाने की समाग्री खरीदकर इनका पेट भर रहे हैं। इन दिनों सोशल नेटवर्क में महासमुंद कांग्रेस के युवा नेता आवेज खान का गायों को भोजन कराते फ़ोटो खूब वायरल हो रहा है। कोरोना योद्धा आवेज खान से हम आपको रूबरू कराने जा रहे हैं जो पिछले लॉकडाउन से इस नेक कार्य में तनमन से जुड़े हैं।

महासमुंद विधायक प्रतिनिधि आबकारी विभाग व जिला जेल प्रतिनिधि आवेज खान ने बताया कि वह बचपन से गाय की सेवा करते आ रहे है। कहते हैं, लॉकडाउन के चलते सड़क पर घूमने वाली गायों को भोजन नहीं मिल पाने से कई बीमार पड़ गई।

लोगों ने भी दिया साथ

श्री खान ने बताया कि हमने अपने मोहल्ले के लोगों से अपील की इस संकट की घड़ी में आप भी हमारा साथ दें। हमने सभी से कहा कि घर में पकने वाला भोजन एक हिस्सा बेजुबानों के लिए निकाले, लोगों ने हमारी बात मानी और अपने घर के आसपास विचरण करते गायों के लिए भोजन की व्यवस्था कर दी। आवेज बताते हैं कि गायों को वह हरदिन भोजन कराते हैं। सुबह के वक्त गाय हमें देखकर एक जगह एकत्र हो जाती हैं।

बेजुबान भूख से तड़प रहे है

आवेज खान कहते हैं कि लॉकडाउन के चलते बेजुबान भूख से तड़प रहे हैं। इनकी भूख हमें अंदर से झकझोर दिया और फिर हमने अपने अन्य साथियों की मदद से किसानों के खेतों में जाकर सब्जी और भूसा खरीदकर लाते हैं और इन्हें खिलाते हैं।

अब हमारे क्षेत्र में एक भी बेजुबान भूखा नहीं रहेगा।

लेकिन बेजुबान भूखे: आवेज कहते हैं कि लॉक डाउन में जब लोग जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचा रहे हैं, तो ऐसे में हमें ख्याल आया कि जुबान वालों तक खाना तो पहुंच रहा है, लेकिन बेजुबान भूखे रह जा रहे हैं। बस यहीं से हमनें बेजुबानों के लिए भोजन की जुगाड़ करना शुरू किया। अभी न केवल भोजन जुगाड़ करते हैं, बल्कि बेजुबान जानवरों के बीच बांटते भी हैं।

बेगरपाला मे दो माह से ट्रान्सफार्मर खराब

■ पेयजल व विद्युत समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 16 किमी दूर आदिवासी वनांचल ग्राम पंचायत बेगरपाला में बीते दो माह से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब है जिसके चलते ग्रामीण अंधियारे मे गुजर बसर करने मजबूर हो रहे है बेगरपाला के ग्रामीण बिजली विभाग के अफसरों से खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने मांग कर रहे है। आज मामले को संज्ञान में लेते हुए युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष व कांग्रेस कमेटी जिला सचिव यशवंत कुमार यादव, युवा ग्राम सचिव घटौद दिनेश यादव ने ग्राम पंचायत बेगरपाला पहुंच कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए जहां ट्रांसफार्मर 2 माह से खराब बताया गया। ग्राम पंचायत सरपंच और ग्रामीण ने ट्रांसफार्मर खराब कि जानकारी विधुत विभाग मैनपुर को पहले लिखित आवेदन दिया गया था लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ट्रांसफार्मर खराब कि जानकारी देते हुए सरपंच और ग्रामीणों ने बताया कि बेगरपारा में दो माह से बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है बिजली नही होने के कारण व मोटर नही चल पाने से पेयजल के लिये हाहाकार मचा हुआ है ग्रामीण ट्रांसफार्मर खराब के चलते रात के अंधियारे मे जंगली जानवर व हाथी विचरण वाला क्षेत्र होने के कारण डरे सहमे रात व्यतित कर रहे है। ग्रामीणों की विद्युत समस्या को देखते हुए ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत कुमार यादव ने तत्काल सहायक यंत्री विधुत विभाग मैनपुर व्ही के तिवारी से फोन पर चर्चा किया और ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया पश्चात बिजली विभाग के अधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफार्मर लगाने आश्वासन दिया है।

उरमाल में कंटेन्मेंट जोन के दौरे पर पहुंचे कलेक्टर ने ग्रामीणों का बढ़ाया हौसला

मैनपुर। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल आज मंगलवार को उड़ीसा बॉर्डर सीमा निरीक्षण के दौरान मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम उरमाल में संचालित वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन किया गया यहां उन्होंने ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच और मितानिन से बातचीत कर वैक्सीनेशन की जानकारी ली कलेक्टर ने मितानिनों से लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने और घर-घर दवाई देने की जानकारी ली गई उनका हौसला आफ्जाई करते हुए कलेक्टर ने ग्रामीणों के कार्य को भी सराहा। ज्ञात है कि यहां कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है और यहां लगभग 59 एक्टिव मरीज हैं ग्रामीणों द्वारा भी खुशी व्यक्त की गई कि उनके सेंटर में जिले के सबसे बड़े अधिकारी पहुंचे हैं। निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी सूरज साहू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरमाल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कोविड संबंधित दिशा निर्देशों का पालन करते हुए लोगों का इलाज करने के निर्देश दिए हैं एवं 1 मई से 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को टीका लगना है अभी तैयारी करने हेतु उपस्थित सभी टीम को निर्देश दिये है।

जलाऊ लकड़ी नहीं घर घर गैस सिलेंडर पहुंचने से महिलाओं को मिली राहत

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। मुख्यालय सहित गांव गांव के लोगों को इन दिनों जय दुर्गा भारत गैस एजेंसी द्वारा काफी राहत पहुंचाया जा रहा है । लॉकडाउन की स्थिति में गरीब के घरों का चूल्हा जल पाए इसके लिए एजेंसी के कर्मचारी बिना कोरोनावायरस की परवाह किए घर-घर गैस सिलेंडर पहुंचा रहे है। । इससे थोड़ी राहत गरीब मध्यम परिवार को मिल रहा है ।क्योंकि लॉकडाउन के चलते दाल आलू सहित खाद्य सामग्री के लिए हाथ पांव जोड़ कर भी लेना पड़ रहा है। ऐसे में जलाऊ लकड़ी का इंतजाम महज अंदाजा लगाया जा सकता है ।आपको यह बता दे कि ब्लॉक में शत-प्रतिशत परिवार गैस के दाम बढ़ने के बाद लकड़ी के भरोसे खाना पकाते रहे ।लेकिन लॉकडाउन में फिर से वही बड़े गैस के भरोसे घर का चूल्हा जला रहे हैं ।जंगल से जुड़े गिने-चुने गांव को छोड़कर बाकी गांव में गैस सिलेंडर से खाना बनाया जा रहा है ।ऐसे में गैस सिलेंडर की उपलब्धता कराने के लिए जय दुर्गा भारत गैस सिलेंडर एजेंसी द्वारा घर घर गैस पहुंचाया जा रहा है ।रोजाना 50 से 70 घरों में जय दुर्गा भारत गैस एजेंसी द्वारा गैस पहुंचाने की बात कही जा रही है ।लॉकडाउन के दौरान करीब 3000 ग्राहकों के घरों में गैस की डिलीवरी किया जा चुका है ।इससे रूखी सूखी खाना पकाना आसान हो रहा है। तभी जय दुर्गा भारत गैस एजेंसी द्वारा घर-घर गैस सिलेंडर पहुंचाने में एड़ी चोटी लगा दिया है। ताकि कोई भी परिवार इस संकट की घड़ी में गैस सिलेंडर के अभाव में भूखे गुजारने को मजबूर ना हो इससे उन गांव के महिलाओं को काफी राहत मिल रही है ।जो जलाऊ लकड़ी के लिए दर-दर भटकती है। क्योंकि लॉकडाउन से पहले जलाऊ लकड़ी आसानी से एक साथ मार्केट में मिलता रहा। लेकिन लॉकडाउन के बाद जलाऊ लकड़ी पूरी तरह बंद हो गया है ।ऐसे में दाल रोटी बनाने का एक ही सहारा गैस सिलेंडर है। और लोगों को सिलेंडर गैस सिलेंडर के लिए गोदाम के बाहर कतार लगाये इससे पहले ही जय दुर्गा भारत गैस सिलेंडर एजेंसी द्वारा ग्राहकों को घर-घर गैस की डिलीवरी दिया जा रहा है। जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवार हल्की राहत मिलता नजर आ रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

भारत की मदद...

रहा है। इसके साथ-साथ भारतीय रेलवे की ओर से ऑक्सीजन एक्सप्रेस भी चलाया जा रहा है ताकि एक राज्य से दूसरे राज्य में समय पर ऑक्सीजन की आपूर्ति हो सके।

संक्रमण के उपचार...

एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने में आवश्यक सहायता प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन से अनुरोध किया है कि कोविड-19 महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त औषधियों को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत आवश्यक वस्तुओं के रूप में तत्काल अधिसूचित किया जाए।

हल्के संक्रमण...

जानी चाहिए और इसे अस्पताल के अंदर दिया जाना चाहिए। दिशानिर्देश में कहा गया है, 'घर पर रेमडेसिविर खरीदने या लगाने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। मामूली बीमारी में ओरल स्टेरॉयड्स नहीं दिया जाता है। अगर सात दिनों के बाद भी लक्षण (लगातार बुखार, खांसी आदि) रहता है तो चिकित्सक से परामर्श करें जो कम डोज के स्टेरॉयड दे सकते हैं।' संशोधित दिशानिर्देश में कहा गया है कि लक्षण नहीं होने का मामला प्रयोगशाला से पुष्ट होना चाहिए जिसके तहत लोगों में किसी तरह के लक्षण नहीं होने चाहिए और उनमें ऑक्सिजन सैचुरेशन 94 फीसदी से अधिक होनी चाहिए जबकि मामूली लक्षण वाले रोगियों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी ऑक्सिजन लेवल 94 फीसदी से अधिक होनी चाहिए।

इधर कोविशील्ड वैक्सीन...

सामने आए है वही 3,646 हजार लोगों की मौत कोरोंन से हुई है। देश में तेजी से बढ़ते कोरोना केस के बीच राहत की खबर ये है कि कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्?या में लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले 24 घंटे में रिकॉर्ड करीब 2.70 लाख मरीज रिकवर हुए हैं।

संकट के बीच..

बढ़कर 22 हो गई है। चिट्ठी में राजेश भूषण ने उन ऑक्सीजन उत्पादन करने वाले संयंत्रों की भी जानकारी दी थी जहां से इन राज्यों को ऑक्सीजन दी जानी थी। इन राज्यों ने कुल मिलाकर 4 हजार 880 मीट्रिक टन मेडिकल ऑक्सीजन मांगी थी और उसी के हिसाब से आवंटन भी किया गया था। दस दिनों के अंदर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव निपुण विनायक ने 24 अप्रैल को राज्यों के स्वास्थ्य अधिकारियों को एक और चिट्ठी लिखी और उन्हें बताया कि 25 अप्रैल से उनकी मांग के हिसाब से कितना ऑक्सीजन आवंटन किया जा रहा है। इससे यह पता लगा कि केंद्र से ऑक्सीजन मांगने वाले राज्यों की संख्या बढ़कर 22 हो गई और इन राज्यों ने कुल 8 हजार 172 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की मांग की है। जो कि 15 अप्रैल की तुलना में 67 फीसदी ज्यादा है। निपुण विनायक की चिट्ठी से यह पता लगा कि केंद्र ने इन 22 राज्यों को कुल 8 हजार 280 मीट्रिक टन ऑक्सीजन आवंटित किया। केंद्र से ऑक्सीजन मांगने वाले राज्यों में अब तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, गोवा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव भी शामिल हैं। 25 अप्रैल से जिन पांच राज्यों में सबसे ज्यादा मेडिकल ऑक्सीजन की मांग है वे महाराष्ट्र (1,784 मीट्रिक टन प्रति दिन), गुजरात (1000 मीट्रिक टन), कर्नाटक (770 मीट्रिक टन), उत्तर प्रदेश (657 मीट्रिक टन) और मध्य प्रदेश (640 मीट्रिक टन) हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन/फैक्स नं. 07856-252382, ईमेल- eedan-phe-cg@nic.in)
निविदा सूचना क्र./03-04/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2021, दन्तेवाड़ा, दिनांक 23/04/2021

// रूचि की अभिव्यक्ति //

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम प्रणाली से प्रपत्र ''ए'' प्रतिशत दर पर दन्तेवाड़ा जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों के तृतीय पक्ष निरीक्षण कार्य टी.पी.आई./आई.एस. ए. हेतु आनलाईन ''रूचि की अभिव्यक्ति'' (EOI) आमंत्रित की जाती है।

निविदा क्रमांक व दिनांक	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत
03/23.04.2021	76499	जिले दन्तेवाड़ा के ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित किए । रहे कार्यों के तृतीय पक्ष निरीक्षण कार्य टी.पी.आई. हेतु ई.ओ.आई.।	383.66 करोड़
04/23.04.2021	76525	जिला दन्तेवाड़ा के ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित किए जा रहे आई.ए.एस. का ई.ओ.आई. कार्य।	383.66 करोड़

निविदा की सामान्य शर्तें अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.05.2021 है।

जी-60381/5

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, बीजापुर वनमण्डल बीजापुर
Phone/Fax Number (07853) 220236 E-mail-dfo_bijapur@yahoo.com
क्रमांक/भण्डार/1651 बीजापुर, दिनांक 26/04/2021

// संशोधित निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति सूचना //

बीजापुर वनमण्डल अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में समस्त विभागीय/ कैम्पा एवं अन्य योजनाओं में स्वीकृत कार्य हेतु आवश्यक भण्डार सामग्री क्रय करने निविदा विज्ञप्ति क्रमांक G-88305/2 आमंत्रित की गई थी। चूंकि उक्त आमंत्रित तिथि में बीजापुर जिले में कोरोना महामारी के फलस्वरूप संपूर्ण लॉकडाउन लागू होने के कारण निविदा किया जाना संभव नहीं है।

अतः पुनः संशोधित नवीन तिथियों में उक्त निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रपत्र एवं विस्तृत शर्तें वन विभाग के वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है, अथवा कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में राशि रु. 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट जो वनमण्डलाधिकारी, बीजापुर के नाम से देय हो जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रथम बार में निविदा दिनांक 21.05.2021 को कार्यालयीन समय सायंकाल 04.00 बजे खोली जावेगी। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रथम निविदा असफल होने पर निविदा की द्वितीय तिथि 25.05.2021 को सायंकाल 04.00 बजे निर्धारित की जाती है। द्वितीय निविदा असफल होने पर निविदा की तृतीय तिथि 29.05.2021 को सायंकाल 04.00 बजे निर्धारित की जाती है।

विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	निविदा	समय	निर्धारित	स्थल
1	प्रथम निविदा	निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक 21.05.2021 समय दोपहर 12.00 बजे तक	कार्यालय वनमण्डलाधिकारी बीजापुर,वनमण्डल
		निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 21.05.2021 समय दोपहर 03.00 बजे तक	
		निविदा खोले जाने की तिथि	दिनांक 21.05.2021 समय सायं 04.00 बजे	
2	द्वितीय निविदा	निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक 25.05.2021 समय दोपहर 12.00 बजे तक	
		निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 25.05.2021 समय दोपहर 03.00 बजे तक	
		निविदा खोले जाने की तिथि	दिनांक 25.05.2021 समय सायं 04.00 बजे	
3	तृतीय निविदा	निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक 29.05.2021 समय दोपहर 12.00 बजे तक	
		निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 29.05.2021 समय दोपहर 03.00 बजे तक	
		निविदा खोले जाने की तिथि	दिनांक 29.05.2021 समय सायं 04.00 बजे	

जी-60382/3

वनमण्डलाधिकारी
बीजापुर वनमण्डल बीजापुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोहरसी नर्सरी में लगाई गई आग

गरियाबंद। ग्राम पंचायत लोहरसी के नर्सरी पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाई गई आग नर्सरी में बुधवार दोपहर 2:30 बजे अचानक आग लगने की खबर

ग्रामीणो को मिली । खरघोस फसाने के चक्कर मे अलग अलग जगहों पर लगाया गया था आग । घास होने के कारण आग हवा के साथ तेजी से फैली। आग की चपेट में आने से घास एवं पेड़ पौधे जलकर राख हो गए। गांव के एक नागरिक ने ग्राम पंचायत को आग लगने की सूचना दी । मौके पर गांव के जनपद सदस्य , सरपंच , उपसरपंच , पंच , सचिव ,रोजगार सहायक , नल ऑपरेटर एंव युवा लोग पहुंच कर आग को बुझाने लगे । लोगो ने बताया की आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है । परंतु मौके पर खतघोस (भठेला) फसाने की जाल चारो तरफफैलाई थी । आग को काबू पाने के लिए वन रक्षक टोमन साहू को दुरभाषा से सूचना कर मौके पर बुलाया और आग को बुझाने में ग्रामीणों के साथ सहयोग किया । आग को बुझाने के लिए आस पास कोई पानी का साधन नहीं था। वन रक्षक व ग्रामीणो ने पेड़ की टहनी से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग के विकराल रूप के आगे असफल हो गया। परन्तु एक घण्टे बाद लोगो ने सूझबूझ से आग को काबू में किया । ग्रामीणो ने व वन रक्षक टोमन साहू ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने की बात कही । मौके पर अगर आग को काबू में नहीं किया गया होता तो बड़ी संख्या में मवेशियों की जान जा सकती थी और आग पूरे नर्सरी में फैल सकती थी । जिससे पेड़ पौधे की भारी नुकसान होती । जैसे तैसे कर आग पर काबू पाने में ग्रामीणों को सफलता मिली ।

सांसद पांडेय ने विकास खंड अंबागढ़ चौकी में कोरोना उपचार व नियंत्रण हेतु सांसद मद से दिए चार लाख रुपए

राजनांदगांव। लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने राजनांदगांव जिले में वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण कोविड-19 के रोकथाम व नियंत्रण के मद्देनजर जिले के विकासखंड अंबागढ़ चौकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोविड हास्पिटल व आइसोलेशन केंद्र हेतु आवश्यक उपकरण (ऑक्सीमीटर, ऑक्सिजन कंसंट्रेटर व अन्य) हेतु अपने सांसद मद से चार लाख रुपए प्रदान करने की अनुशंसा की। उन्होंने इस बाबत कलेक्टर को पत्र मण्डल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी के माध्यम से सौप दिया है। इसके पूर्व भी श्सांसद पांडे ने कोरोना के मद्देनजर आवश्यक उपकरण क्रय हेतु अपने मद से अब तक 76 लाख रु. दिए है। श्री पाण्डेय ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की और सभी लोगों से कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की।

संक्रमण से मुक्ति पर संगीत की थाप, गुलाब की पंखुड़ियों से दी गई विदाई

राजनांदगांव। जीवनदायिनी केंद्र बनने वाली संस्कारधानी कोविड सेंटर सोमनी में कोरोना संक्रमितो को विशेष स्तर पर उपचार के उद्देश्य से शाहिद भाई के पहल

पर सोमनी क्षेत्र के उद्योगपतियों, माहेश्वरी पंचायत एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव के विशेष सहयोग के साथ प्रारंभ किया गया है। 20 अप्रैल से प्रारंभ इस संस्था से स्वस्थ होकर जाने वाले 7 लोगों का आज सेंटर से विदाई पारंपरिक संगीत एवं गुलाब की पंखुड़ियों के छिड़काव के साथ की गई। संस्कारधानी कोविड सेंटर के संचालक शाहिद भाई ने बताया कि कोरोना के दूसरे दौर में प्रदेश सहित जिले के संक्रमित एवं अस्पतालों में जगह नहीं मिल सकने के कारण हो रही उनको परेशानियों और इलाज के अभाव में मृत्यु जैसे दुखद पल का सामना संक्रमित एवं उनके परिजनों को करना पड़ रहा था जिससे उन्हें राहत दिलाने के उद्देश्य से संस्कारधानी कोविड सेंटर प्रारंभ करने की भूमिका बनाई गई और इसमें सभी के सहयोग से बहुत ही अल्प समय में सर्व सुविधा एवं 30 ऑक्सीजन युक्त बेड एवं 50 सामान्य बेड की उपलब्धता के उद्देश्य को क्षेत्र के उद्योगपतियों सामाजिक संगठनों जनप्रतिनिधियों ने सहर्ष स्वीकार किया उसके पश्चात माहेश्वरी पंचायत एवं चेंबर ऑफकॉमर्स के द्वारा पौष्टिक भोजन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की मजबूत कार्य योजना से राहें आसान हो गई और यह सेंटर प्रारंभ हुआ 20 तारीख से आज 29 तारीख तक सेंटर में कार्यरत सेवाभावी चिकित्सक एवं योग्य नर्सिंग स्टाफ, सेंटर से जुड़े सभी सदस्यों के दिन-रात की मेहनत से यहां में आने वाले मरीजों को पर्याप्त एवं उचित चिकित्सा व दवाई उपलब्ध हुई जिसके चलते वे स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच जा रहे हैं।

अवैध रूप से गांजा बेचते आरोपी गिरफ्तार

खरोरा। थाना खरोरा अंतगर्त ग्राम घिवरा के महासिंह वर्मा पिता भुलाऊ वर्मा उम्र 62वर्ष सकिन घिवरा द्वारा आपने गांव में अवैध रूप से गांजा बेचने की सूचना पर मौका घटना स्थल से आरोपी महासिंह से 2kg 200gram गांजा आरोपी की स्कूटी पेप की डिक्की से बरामद कर समक्ष गवाहन जप्त किया गया। साथ बिक्री रकम 100रुपए जप्त किया गया ।आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 166/21 धारा 20B एनडीपीएस एक्ट तहत पंजीबद्ध कर आरोपी को आज दिनाक को न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया।

शराब परिवहन आरोपी गिरफ्तार

खरोरा। थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने बताया कि साइबर सेल के जावनों की सहायता से अवैध शराब परिवहन कर रहे आरोपी गण कमलेश साहू 34 वर्ष निवासी मुर्राभट्ठा रायपुर तथा सनी उर्फसन्नू चौहान पिता चैन सिंह चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी खमतराई को पकड़ा गया।आरोपियों के पास से 101 पौव्वा बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद होने पर थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 167 / 2021 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम तहत पंजीबद्ध किया गया। शराब परिवहन में आरोपियों द्वारा प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एक्स 9435 को जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायीय हिरासत हेतू न्यायालय पेश किया गया।

आंतरिक शक्ति का मजबूत होना जरूरी : कुरैशी

राजनांदगांव। डोंगरगढ़ के 62 वर्ष श्री शेख सईद कुरैशी कोरोना संक्रमित हुए और इसके बाद बाद निमोनिया की बीमारी ने गंभीर रूप ले लिया था। उन्होंने बताया कि कोरोना से लडऩे के लिए आंतरिक शक्ति मजबूत होना बहुत जरूरी है। दृढ़ इच्छाशक्ति से ही इस बीमारी का सामना किया जा सकता है। श्री शेख सईद कुरैशी ने बताया कि वे लगभग एक सप्ताह से बीमार थे और वायरल फीवर समझ रहे थे। सिटी स्कैन कराने पर निमोनिया बढ़ा हुआ था और वे 12 अप्रैल को कोविड-19 ट्रिटमेंट हॉस्पिटल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में एडमिट हुए थे। इलाज शुरू होते ही राहत मिली और ऑक्सीजन सेचुरेशन भी ठीक रहा। कुरैशी एवं उनके बेटे श्री वसीम कुरैशी ने कहा हॉस्पिटल में इलाज उम्मीद से ज्यादा अच्छा था और वहां ड्यूटी पर उपस्थित डॉ. राहुल त्रिपाठी ने लगातार उनके इलाज के साथ ही उनके स्वास्थ्य के संबंध में पूरी जानकारी दी एवं उन्हें हौसला दिया।

कोरोना के खिलाफ जारी जंग को मजबूती व साहस के साथ लड़े : सांसद

राजनांदगांव सांसद लगातार हालात की ले रहे जानकारी, लोगों से सतर्क व जागरूक रहने की अपील

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ते ही जा रहा है। वहीं बड़ी संख्या में कोरोना मरीज स्वस्थ भी हो रहे हैं। ऐसे में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय आम लोगों से लगातार अपील कर रहे हैं कि कोरोना के खिलाफ जारी जंग को मजबूती व साहस के साथ लड़ें व धैर्य बनाए रखें। हम कोरोना के खिलाफ जारी जंग जरूर जीतेंगे।

कोरोना से लड़ते हुए दिवंगत हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि

सांसद पांडेय ने कोरोना संक्रमण के चलते अपनी जान गंवा देने वाले सभी दिवंगत लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इसको लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस महासंकट की घड़ी में भगवान दिवंगत लोगों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

सांसद संतोष पांडेय लोकसभा क्षेत्र के राजनांदगांव व कबीरधाम जिले के हालात की लगातार जानकारी ले रहे हैं। साथ ही आवश्यक पहल व प्रयास भी कर रहे हैं। सांसद पांडेय दोनों जिले के कलेक्टर, सीएमएचओ, समस्त एसडीएम, बीएमओ, ड्रग इंस्पेक्टर, कोविड अस्पताल संचालक, अन्य अधिकारियों आदि से लागातार फोन पर चर्चा कर कोरोना के रोकथाम व नियंत्रण के मद्देनजर विभिन्न जानकारी ले रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश भी रहे हैं। सांसद पांडेय जनप्रतिनिधियों, पार्टी के पदाधिकारियों, कोरोना के मद्देनजर सेवा कार्य कर रहे समाज, समाजसेवी संगठन, संस्था सहित विभिन्न संगठनों से भी संपर्क बनाए हुए हैं। ज्ञात है कि सांसद पाण्डेय कोरोना की इस जंग में अभी तक सांसद निधि मद से 76 लाख की सहायता प्रदान कर चुके है। सांसद पांडेय सभी हास्पिटल, कोविड सेंटर, आइसोलेशन केंद्र, क्वारनटाइन सेंटर आदि की स्थिति व व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया है।

कोरोना वारियर्स का बढ़ाएं हौसला

सांसद पांडेय ने कोरोना संकट काल में कोरोना वारियर्स के रूप में कार्य कर रहे जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, समाज, समाजसेवी संगठन, मीडिया सहित प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सेवा दे रहे सभी लोगों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना वारियर्स का सहयोग करें। उनका हौसला बढ़ाएं।

खूब बिक रहीं, 5 दवाएं...!

सेहत पर पड़ रहा असर, बढ़ रहा बाजार

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। पांच किस्म की दवा की मांग और खपत के बढ़ते आंकड़ें देख कर दवा बाजार हैरत में आ चुका है। यह बढ़त, रोज नए आंकड़े के साथ बाजार में पहुंच बना रहा है। लिहाजा कंपनियों ने उत्पादन और सप्लाई दोनों बढ़ा दी है।

कम ही बिका करती थी दर्द निवारक दवाएं। थोड़ी बहुत ही मांग रहती थी बुखार से निजात दिलाने वाली दवाइयों की। हां, मौसम के बदलने के बाद सर्दी-खांसी जैसी शिकायतों के बाद इससे छुटकारा दिलाने वाली दवाई जरूर दिखा करती थी लेकिन यह कभी नही देखा गया कि मांग लगातार बनी हुई हो ।पहला मौका है जब गर्मी के मौसम में विटामिन सी और जिंक जैसी दवाओं की मांग थोक में दवा दुकानों तक पहुंच रही है।

यह दवाएं आई मांग में

कोरोना की दूसरी लहर के बाद अब सर्दी-खांसी, बुखार, शरीर में दर्द, शारीरिक दुर्बलता को खत्म करने में मदद करने वाली दवाओं की सलाह पर्ची और मांग दवा दुकानों में पहुंच रही है। पर्याप्त उपलब्धता के बाद इन दवाओं में शॉर्टेज या ओवररेट जैसी शिकायत नहीं है।

सेहत पर बढ़ा ध्यान

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रोज जारी हो रही सलाह के बाद जनमानस में सेहत को लेकर जागरूकता बढ़ी है। हल्की खांसी और सर्दी जैसी शिकायत अस्पतालों से होती हुई सलाह पर्ची के साथ दवा दुकानों तक पहुंच रही है। यह इस बात को प्रमाणित कर रहा है कि अब बीमारी को नजरअंदाज नहीं बल्कि गंभीरता से लिया जा रहा है।

ये अब भी

ऑक्सीमीटर की मांग, कोरोना के पहले दौर से, अब तक बनी हुई है। फर्क सिर्फ इतना आया है कि इसकी मौजूदगी के बाद हाशिए पर चला गया थर्मामीटर अब फिर से अपनी जगह पर वापस लौटता दिखाई देता है क्योंकि ऑक्सीमीटर की कीमत और सीमित उपलब्धता अब भी जरूरतमंदों को परेशान कर रही है।

बढ़ाया उत्पादन और आपूर्ति

मांग में आ रही बढ़त के बाद इन दवाओं का उत्पादन करने वाली लगभग सभी कंपनियों ने उत्पादन क्षमता दोगुनी कर दी है और सप्लाई भी बढ़ा दी है। इसलिए शॉर्टेज या अधिक कीमत पर विक्रय जैसी शिकायतें नजर नहीं आ रही है। ऊपर से लेकर मैदानी स्तर तक की निरंतर मॉनिटरिंग से भी हालात सामान्य बने हुए हैं।

डिस्ट्रिक वार रूम में कोविड-19 के संबंध में समीक्षा

राजनांदगांव। कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने आज दिग्विजय स्टेडियम स्थित डिस्ट्रिक वार रूम में कोविड-19 के संबंध में समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि प्रतिदिन सेम्पलिंग लगातार होनी चाहिए। जो मरीज कोरोना पॉजिटिव आ रहे है, उनका कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग कर प्राथमिक संपर्क में आने वाले लोगों का भी सेम्पलिंग लगातार हो। उन्होंने कोविड हॉस्पिटल में ऑक्सीजन व्यवस्था की जानकारी ली। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड मरीजों की संख्या अधिक है। वहां कंटेन्मेंट जोन का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने पॉजिटिव मरीजों की पोर्टल में ऑनलाईन एंट्री की जानकारी लेते हुए कहा कि डिस्चार्ज होने वाले मरीजों की एंट्री भी करें। इससे लोगों में सकारात्मकता आएंगी।

18 वर्ष से ऊपर वालो के लिए 10 टीकाकरण केंद्र खुलेंगे

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। राज्य शासन एवं भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार कोरोनावायरस के नियंत्रण हेतु 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 1 मई से कोविड-19 टीकाकरण किए जाने की तैयारियां जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर तेजी के साथ की जा रही है। भाटापारा नगर में फिलहाल 10 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं इनमें शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा वार्ड शासकीय प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड सिंधी धर्मशाला बजरंग वार्ड शासकीय प्राथमिक शाला माता देवालय वार्ड शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामसागर पारा वार्ड शासकीय प्राथमिक शाला गुरूनानक वार्ड न्यू हिंदी स्कूल महासती वार्ड मयूर स्कूल संत माता कर्मा वार्ड शासकीय प्राथमिक शाला हथनी पारा वार्ड एवं शासकीय प्राथमिक में हिंदी स्कूल शंकर वार्ड भाटापारा को वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है एक-एक सेंटर में दो दो तीन तीन वादों को जोड़ दिया गया है और उसके लिए अलग से तारीख निर्धारित की गई है मतलब अलग-अलग वाहनों के लिए अलग-अलग तारीख निर्धारित की गई है उसी तारीख को ही उस वार्ड में निर्माण करने वाले लोगों का टीकाकरण होगा।

यहां पर ऐसे होगा टीकाकरण

1 मई से 8 मई तक धुरंधर वार्ड के लोगों को टीका लगाया जाएगा जबकि 9 मई से 13 मई तक शक्ति वार्ड के लोगों को, 15 मई से 20 मई तक नयापारा वार्ड के लोगों को, 21 मई से 29 मई के बीच सुभाष वार्ड के लोगों को शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा वार्ड में टीका लगाया जाएगा।

चिकित्सकों से रूबरू हुए जिला कलेक्टर

■ चर्चा में कहा हम चिकित्सकों का महत्व समझते हैं, आप बस काम करें, समस्या हो तो शेयर करें

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा व जिला पंचायत सी ई ओ विजय दयाराम के ने आज जिला अस्पताल स्थित सभा कक्ष में बैठक बुलाकर जिला अस्पताल व डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों से अनेक पहलुओं पर चर्चाएं की। उन्होंने सभी चिकित्सकों से समस्याओं , उनके समाधान व व्यवस्थाओं के सम्बंध में बातचीत की। चिकित्सकीय कार्यों में बाहरी लोगों के हस्तक्षेप के सम्बंध में सभी चिकित्सकों ने एकजुट होकर अपनी समस्या बताई, इस पर जिलाशिकारियों ने स्पष्ट कहा कि चिकित्सकीय कार्य केवल चिकित्सक व मेडिकल स्टाफके समझ व अधिकार क्षेत्र के कार्य हैं। मरीज को क्या इलाज देना है, कौन सा इंजेक्शन कब लगाना है यह मेडिकल टीम का कार्य है। यदि इस पर बाहरी नॉनटेक्निकल लोग हस्तक्षेप करते हैं तो यह गलत है। सभी चिकित्सक स्वयं ऐसे हालात का विरोध कर स्वविवेक से कार्य करें। मरीजों के उपचार में आने वाले टेक्निकल समस्याओं व संसाधनों के कारण यदि कोई समस्या हो , तो बताने के लिए कहा गया। अनेक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर कुछ सम्याओं के तत्काल निराकरण किये गए व कुछ विषयों के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया।

आपातकाल में मेडिकल स्टाफ द्वारा की गई सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा

जिला कलेक्टर श्री शर्मा व जिला पंचायत सी ई ओ ने चिकित्सकों व तमाम मेडिकल स्टाफकी सेवाओं की सराहना करते हुए सभी का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि एक यही क्षेत्र है जहां का कार्य कोई अन्य नही सम्हाल सकता। चिकित्सकों का कार्य केवल चिकित्सक ही कर सकते हैं, इसलिये अपनी क्षमताओं व महत्व को समझें व सेवाओं में आगे आएं।

धुप में लाइन लगा कर बारी का इंतजार

अर्जुनी। यह तस्वीर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला चिकित्सालय की है जंहा एक ओर जनता कोविड 19 वैश्विक महामारी से प्रभावित हो रहे है, ऐसे में जिला चिकित्सालय और प्रशासन

अपने मरीजो को उचित सुविधा प्रदान करने में फिस्सडी साबित हो रहे है,मरीजों को इलाज और दवाई के लिए कड़ी धूप में घंटो भर बिना किसी छाए के लम्बी कतार में खडे होकर अपने बारी का इंतजार करना पड़ रहा है, इस अव्यवस्था को देखते हुए भी अस्पताल महकमे द्वारा पंडाल तक कि व्यवस्था नही किया गया है, जो प्रशासन की कार्यप्रणाली के लिए प्रश्नचिन्ह है।

पूर्व पार्षद उस्मान की कोरोना से तो रिटायरमेंट कर्मचारी का ब्रेन हेमरेज से हुई मौत

गुंडरदेही। गुंडरदेही नगर मे मुस्लिम समाज के अध्यक्ष,पूर्व पार्षद,वरिष्ठ कांग्रेस नेता जनाब उस्मान तिगाला का राजनांदगांव मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान निधन! बता दें कि वे युवा कांग्रेस महासचिव रिज़वान तिगाला के पिताजी थे!वही नगर गुंडरदेही में स्वास्थ्य विभाग के रिटायर कर्मचारी आई पी टंडन का ब्रेन हेमरेज से निधन हो गयातिगाला के निधन पर जनप्रतिनिधि व्यापारी ने जताया शोक उनके निधन पर संसदीय सचिव एवं गुंडरदेही विधायक

कुंवरसिंह निषाद, ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुंडरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू, जिला भाजपा महामंत्री प्रमोद जैन ,पूर्व विधायक राजेंद्र राय ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल सोनकर ,केके राजू चंद्राकर , पार्षदसलीम खान, वरिष्ठ भाजपा नेता अश्वनी यादव ,रानू हेमंत सोनकर पार्षद विजय सोनकर, संजय साहू , रवि राय ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए गुंडरदेही नगर के लिए अपूरणीय क्षति बताया एवं कांग्रेस परिवार की ओर से गुंडरदेही विधायक ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

1 मई से होने वाली टीकाकरण को लेकर सेंटरों में पर्याप्त सुविधा देने भाजयुमो ने कलेक्टर के नाम से सौंपा ज्ञापन

बालोद। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम से टीकाकरण केंद्र में पर्याप्त सुविधा प्रदान करने से संबंधित एक ज्ञापन

सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 18 वर्ष से 45 वर्ष के आयु वर्ग के लिए टीकाकरण का महा अभियान राज्य सरकार के सहयोग से 1 मई से प्रारंभ होना है। निर्धारित टीकाकरण को सफल बनाने हेतु प्रशासन द्वारा व्यवस्थित रूप से जिले के समस्त नगरीय निकाय के वार्डों में , ग्रामीण अंचलों के समस्त पंचायतों में केंद्र बनाने के साथ-साथ पर्याप्त सुविधा जैसे पानी टेंट, सेनेटाइजर व सुरक्षा सहायता की व्यवस्था आवश्यक रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि उपरोक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुविधा समस्त टीकाकरण केंद्र में उपलब्ध कराई जाए। साथ ही हम युवा मोर्चा के सदस्य गण उक्त महा अभियान हेतु प्रशासन को यथासंभव सहयोग करने हेतु भी संकल्पित है।

वितरण किया गया मास्क

खरोरा। 28 अप्रैल 2021 को प्रेरणा स्रोत श्री सुरेश शुक्ला जी जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक नारायण बंजारा जी के मार्गदर्शन में रेंजर कुमारी लक्ष्मी देवांगन अपने स्तर पर ग्राम केसला में मास्क सिलकर अपने आसपास के लोगों को वितरण करने का कार्य कर रही है और साथ ही साथ ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए वृक्षारोपण का कार्य कर लोगों को प्रेरित कर रही है कि वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ इनकी इस भावना को आदरणीय श्री सत्यनारायण शर्मा जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड नई दिल्ली वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ,माननीय श्री विनोद सेवनलाल चंद्राकर जी राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ श्री कैलाश कुमार सोनी जी राज्य सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ श्री जी स्वामी जी जिला अध्यक्ष जिला संघ रायपुर श्री मृत्युंजय शुक्ला जी जिला सचिव जिला संघ रायपुर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस पूरे प्रेरणादायक कार्यक्रम की जानकारी श्री मनोज कुमार वर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट रायपुर ने दी।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

जोन- 3 मदर टेरेसा नगर

क्र./जोन-3/न.नि./2021/45/378 सी — भिलाई, दिनांक 27/04/2021

// निविदा स्थगन सूचना //

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा कार्यालयीन निविदा सूचना क्रमांक/ लोकवि/जोन-3/ 2021/ 3188/ 378 भिलाई दिनांक 23.03.2021 संशोधन सूचना क्रमांक-03/ 378 बी/03.04.21 एवं 34/378 सी 16.04.2021 निविदा आमंत्रित किया गया था। कलेक्टर महोदय द्वारा सम्पूर्ण दुर्ग में कोविड-19 लॉक डाउन दिनांक 06.05.2021 तक लगाने के कारण उक्त कार्य हेतु आमंत्रित निविदा को आगामी आदेश पर्यंत स्थगित किया जाता है। निविदा के संबंध में तिथि की जानकारी पृथक से नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in and tender-uad@cg.gov.in में जारी एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन-3

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग

जोन क्रमांक- 05

E mail : zonefivebhilai@gmail.com

क्र./लो.क.वि./जोन क्रं. 5/2021/2512/-05 सी — भिलाई, दिनांक 27/4/2021

// संशोधित मैन्यूअल निविदा सूचना //

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा कार्यालयीन निविदा सूचना क्र.- लोकवि/ जोन-5/2021/2427 भिलाई दिनांक 01.04.2021 एवं संशोधन सूचना लोकवि/ जोन-5 / 2021/ 2482 भिलाई दिनांक 19.04.2021 के तहत निविदा आमंत्रित किया गया था। जिसमें कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दुर्ग के आदेश द्वारा 06.04.2021 से 06.05.2021 तक पूर्णतः लॉक डाउन होने घोषित किया गया था। उक्त कार्य हेतु आमंत्रित निविदा की तिथि निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। शेष निविदा के नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

पूर्व में आमंत्रित निविदा की तिथि	निविदा की संशोधित तिथि
1. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 05.05.2021	निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 24.05.2021
2. निविदा प्राप्ति की तिथि- 12.05.2021	निविदा प्राप्ति की तिथि - 31.05.2021
3. निविदा खोलने की तिथि - 13.05.2021	निविदा खोलने की तिथि - 01.06.2021

जोन आयुक्त
जोन क्र. 05 सेक्टर 06

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन क्र. 10

क्रमांक 09/न.पा.नि./जोन-10/2021-22 — रायपुर, दिनांक 29.04.2021

:: लॉकडाउन होने के कारण ई-निविदा क्र. 07 सिस्टम टेण्डर नं. 76069 दिनांक 09.04.2021 की तिथियों में संशोधन की सूचना ::

जोन क्रमांक 10 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) द्वारा जारी किए कोविड-19 के कारण पुनः लॉकडाउन दिनांक 24.04.2021 से लागू होने के कारण इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी किए गए ई-निविदा क्रं. 07 सिस्टम टेण्डर नं. 76069 दिनांक 09.04.2021 को लॉकडाउन समाप्ति दिनांक 06.05.2021 पश्चात निम्नानुसार तिथियों में संशोधन किया जाता है :-

Date-Time Detail(s)

Seq. No.	Nagar Nigam Stage	Contractor Stage	Start Date	Start Time
1		Physical Doc Submission End Dates	NA	NA
2		FDR (Original copy) And Affidavit on Non Judicial Stamp worth Rs. 100	12.5.2021	17:30
3	Bid Open Date (Scheduled)		13.5.2021	From 11:30

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक- 10
नगर पालिक निगम, रायपुर

गरियाबंद के मुस्लिम युवाओं ने पेश की मिशाल, हिन्दू युवक का किया अंतिम संस्कार

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। हिन्दू युवक का अंतिम संस्कार कर मुस्लिम समाज के युवाओं ने मानवता की मिशाल पेश की है. कोरोना संक्रमण के चलते गांव के अन्य लोगों ने मदद नहीं की. मृतक के पिता बुजुर्ग है और वह भी बीमार है. घर में छोटा भाई है, जो दिव्यांग है. इस असमर्थता के चलते परिवार अंतिम संस्कार नहीं कर पाया. जब इसकी सूचना मुस्लिम समाज मिली तो उन्होंने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया, जिसे पीड़ित परिवार ने स्वीकार कर लिया। दरअसल, गरियाबंद आमदी पारा निवासी 40 वर्षीय लोकेश जामरे की मौत बुधवार की रात करीबन 3 बजे हो गई. लोकेश कोरोना संक्रमित थे. होमाइसोलेशन में रहते हुए उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई, रात 2 बजे किसी तरह कोविड अस्पताल तक लाया गया. लेकिन ऑक्सीजन लेबल कम होने के

कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. घर में पुरुष सदस्य के रूप में बुजुर्ग पिता खोलबहारा व दिव्यांग छोटे भाई दीपक ही है. परिवार के सभी सदस्य बीमार है.

मोहल्ले में भी 8 से 10 परिवार संक्रमित थे. पिता व भाई कुछ घण्टों तक अंतिम संस्कार के लिए प्रयास करते रहे, पर नाकाम थे. ऐसे में इनकी समस्या मुस्लिम समाज के उन युवाओं के समूह तक पहुंची, तो अपने जमात के जरूरतमंदों तक मुसीबत के समय सुपुर्दे खाक से लेकर अन्य जरूरी मदद पहुंचाने के लिए बनी है. जमात के युवाओं ने आगे आकर अंतिम संस्कार का प्रस्ताव रखा.

मृतक लोकेश के परिजनों ने लिखित सहमति दे दिया. जिसके बाद मुस्लिम जमात के युवा ताहिर खान, जुनैद खान, सफीक रजा, सन्नी मेमन समेत समाज के दर्जनभर युवक के अलावा समाजसेवक हेमंत सांग ने मिलकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की. युवाओं ने पीपीई किट पहन कर कोविड प्रोटोकॉल का तहत मालगांव नदी घाट इलाके में शासन द्वारा चिन्हाकित स्थल पर अंतिम संस्कार किया.

सुपुर्दे खाक के लिए बनाई है युवाओं की टोली

टीम के प्रमुख ताहिर खान ने बताया कि कोरोना से लगातार मौते हो रही है. समय पर परिजन भी इस मुसीबत की घड़ी में खड़े नहीं हो पा रहे हैं. ऐसे में मुस्लिम जमात में घटना घटित होने पर सुपुर्दे खाक में सहयोग के लिए युवाओं की टीम बनी हुई है. आज मुस्लिम समाज की मेहरून निशा की मौत हो गई, दो दिन पहले उनके पति की मौत हुई थी. युवाओं की टीम ने अब तक 10 से भी ज्यादा शवों का अंतिम संस्कार किया है जिसमें हिन्दू रीति रिवाज से आज पहले शव का अंतिम संस्कार किया है. विपत्ति के समय में मुस्लिम जमात के युवाओं की इस पहल की चारो ओर तारीफहो रही है।

इस नेक काम में अरबाज खान, हैदर अली,साजिद खान,आसिफ खान,दादू अली व सर्वर खान की भी अहम भूमिका रही है।

कोरोना संक्रमण के आंकड़ो से थर्राया राजिम क्षेत्र

अव्यवस्था के चलते जिले में कोविड मरीजों की हो रही लगातार मौत

■ राजिम विधायक ने अब तक नहीं लिए सुध

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद रोहित साहू ने राजिम विधायक अमितेश शुक्ल सहित कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी पर कोरोना संक्रमण कॉल में इनकी निष्क्रियता पर सवाल उठाया है। जिसके चलते जोगी कांग्रेस का यह नेता इन दिनों काफी सुर्खियों में है। रोहित साहू ने इस बार भी प्रेस नोट जारी करते हुए राजिम विधायक को टारगेट किया है। रोहित साहू ने कहा है कि राजिम विधानसभा क्षेत्र की जनता कोरोना संक्रमण के भयावह स्थिति से सहमे हुए ,गरियाबंद जिले में बुधवार को भी 312 नए कोरोना संक्रमित मरीज की पुष्टि

हुई है। इसी तरह अब तक जिले में 13466 कोरोना संक्रमण से प्रभावित हुए है। अब तक जिले में 110 की मौत इस महामारी से हुई है। राजिम क्षेत्र में भी कोरोना संक्रमण से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। ऐसे परिस्थितियों में क्षेत्रीय विधायक को राजिम में आकर व्यवस्थाओं की बागड़ोर सम्भालने चाहिए चूंकि ऐसे जनप्रिय नेताओं की इस समय अत्यंत आवश्यकता है यहाँ की जनता को लेकिन विषम परिस्थितियों में भी राजिम विधायक रायपुर स्थित अपने आलीशान बंगले में लॉक हो गए है। श्री साहू ने कहा कि जनता की सेवा करना छोड़ कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी को अपने कमजोरियों को छिपाने ड्यूटी पर लगा दिए है,ऐसे नेता पार्टी के लिए काम करना छोड़ इस समय विधायक के निजी प्रवक्ता की तरह काम कर रहे हैं। लेकिन राजिम की जनता सब जानती है।

जनता यह भी जानती है कि ब्लॉक स्तर में किस तरह से कमीशन के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। विधायक महोदय जी आपके पिछलग्गू नेता किस तरह से मुरुम खदान में कुंडकी मार के अवैध खनन कर रहे है इसे भी जनता अच्छे से जानती है। जिस लोकप्रियता की आप बात करते है वह आगामी समय में सब पता चल जाएगा। सच्चाई यह है कि निष्क्रियता के चलते आप अंदर से पूरा खोखला हो गए है।

वहीँ रोहित साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भावसिंग साहू को लेकर कहाकि मेरे पलटवार से जिला अध्यक्ष महोदय ने अस्पतालों में पहुँच कर व्यवस्थाओं का संज्ञान लिया वह क़ाबिले तारीफ़ है। कम से कम उनके बयान से आम जनता का कुछ तो भला हुआ।

गरियाबंद में कोरोना संक्रमण के 367 नए मरीजों मिले

कोरोना बीमारी से 5 लोगों की मौत भी

गरियाबंद। जिले में मंगलवार को 367 कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीँ 5 कोरोना मरीज़ की मौत भी हुई है। छूरा और राजिम क्षेत्र से सबसे अधिक मरीज सामने आए है। गरियाबंद, मैनपुर ओर देवभोग से भी मरीजो की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिम शहर से 7 पुरुष 9 महिलाएं 07 साल का एक बालक और 14 एवं 17 साल की दो बालिकाएं कोरोना पॉजिटिव आयी है। ग्रामीण क्षेत्र के बेलर, खुडियाडीह, टेका, सहसपुर, धुमा, पितईबंद, कुम्ही और पथर्रा से एक-एक पुरुष पॉजिटिव आये है। वही कोमा, अरण्ड, सिंधौरी, परतेवा और रोबा से एक-एक महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। भेंडरी से 8 पुरुष 5 महिलाएं एक 09 साल की बच्ची, बेलटुकरी से एक पुरुष एक महिला, सुरसाबांधा से दो पुरुष, बासीन से 3 पुरुष 2 महिलाएं 17 साल का एक बालक 08 ओर 14 साल की दो बालिकाएं, किरवई से एक पुरुष 3 महिलाएं, पतौरी से दो पुरुष एक महिला, जेन्जरा से दो पुरुष दो महिलाएं 04 साल का एक बालक, देवरी से दो पुरुष एक महिला, कौंदकेरा से दो पुरुष एक महिला, कुंडेल से एक पुरुष एक महिला, लफन्दी से दो पुरूष दो महिलाएं और 15 साल की एक बालिका, लोहरसी से एक पुरुष एक महिला एवं एक 17 साल की बालिका, कोपरा से 3 पुरुष एक महिला, तर्रा से 3 पुरुष 2 महिलाएं एवं 17 साल का एक बालक, दुतकैया से दो पुरुष, हथखोज से एक 16 वर्षीय बालक एवं रावड से एक महिला 09 साल का एक बालक ओर 12 साल की एक बालिका संक्रमित पायी गयी है।

लॉकडाउन में पैदल भटककर बिहार से बालोद पहुंचा युवक

■ पुलिस ड्यूटी और गांव के वे लोग जो पाइंट में सेवा दे रहे उनके नजरों में युवा 6 दिन तक भटकते दिखा

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही। गुंडरदेही के अंतर्गत मामले में गांवों वालों को कुछ समंझ नही आया और वो लगातार 6दिन दिखने से शक के दायरे में भी था। आखिर गांवों वाला ने पाइंट पर ड्यूटी कर रहे अर्जुन्दा पुलिस की टीम को दिया.. पुलिस कांस्टेबल ने इसकी जानकारी अपने थाने के कप्तान कुमार गौरव साहू को ! थाना प्रभारी ने मामले में युवा के बारे में जानकारी जुटाना शुरू किया तो युवा ने अपना नाम राजकुमार पिता कृष्णाराम थाना मोहम्मदपुर बिहार का पता चला ।

कुमार गौरव ने बिहार पुलिस से संपर्क कर युवा के घर वालो तक पहुँचा। परिजन से पूरी जानकारी देने के बाद युवा की पहचान की गई। परिवार वालो से पता चला राजकुमार की मानसिक स्तिथि कुछ दिनों से खराब चल रहा था । परिजन आज अर्जुन्दा पहुँचे जहां राजकुमार का स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर उनके परिजन के हाथो सुपुर्द किया गया। परिजनो ने छत्तीसगढ़ और बिहार पुलिस टीम धन्यवाद ज्ञापित किया। पूरे मामले में अर्जुन्दा पुलिस टीम की स्द्ध रमेश सिन्हा, प्रधान आरक्षक बोधन साहू, एससी सोनबोइर, आरक्षक कामता साहू, जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रहलाद साहू, योगेश ठाकुर, महेंद्र साहू, राजस्व विभाग के नोडल अधिकारी लोमेश जायसवाल, पटवारी शोभित सिन्हा, कोटवार निर्मल कुमार, ग्रामीण दुकालू साहू शामिल रहे ।

ठेकेदार धड़ल्ले से निकाल रहे है कृषि भूमि से मुरुम

लाकडाऊन लगे होने का उठा रहे फायदा, कार्यवाही जरूरी

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही। गुंडरदेही ब्लॉक मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर ग्राम पेंड्री नहरपार से पोल्ट्री फार्म छोटे नहर के पास दुर्ग भिलाई सहित स्थानीय मुरूम माफियाओं के द्वारा राज्य शासन व जिला कलेक्टर के लॉकडाउन का उल्लंघन कर कृषि जमीन से निकाले जा रहे हैं मुरूम ,सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवहन करने वाले लोग कहते हैं कि हम खनिज विभाग से परमिशन लिए है, पर लॉकडाउन में जिला कलेक्टर का आदेश है कि बिना अनुमति के कोई भी अनावश्यक परमिशन बंद है खाद्य सामग्री एवं लोडिंग अनलोडिंग कभी कार्य रात 11:00 बजे से

सुबह 6:00 बजे तक संचालन है ,पर दुर्ग भिलाई के माफियाओं के द्वारा सारे नियमों को ताक में रखकर दिनदहाड़े प्रशासन के नाक के नीचे और खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के संरक्षण के चलते लगभग 8 हाईवा मुरूम के परिवहन में लगे हुए।

आपको बता दें कि पेंड्री से निकलने वाले मुरूम परिवहन गाड़ी में लॉकडाउन के पहले दिया गया मुरूम परिवहन पत्र को गाड़ी के सामने चश्पा कर परिवहन किया जा रहा है । मीडिया की टीम देखकर मुरूम परिवहन में लगे हाइवा ट्रक ड्राइवर धमतरी में रोड में गाड़ी खड़े कर आराम करने लग गया। वैसे लॉकडाउन में बिना परमिशन के मुरूम परिवहन के संबंध में कौन-कौन कर सकते हैं कार्यवाही जरा गौर करें , खनिज विभाग रनचिरई थाना, राजस्व विभाग जिम्मेदार है। इस अवैध कारोबार जैसे नियम उल्लंघन परिवहन करने वालों पर आखिर अधिकारी की मौन सहमति क्यों बना आखिर लॉकडाउन में ,सब्जी बेचने वाले ,को कुछ किराना बेचने वाले, को होम डिलीवरी का आदेश दिया है ,और लॉकडाउन में उल्लंघन करके मुरूम परिवहन करने वाले ऐसे कौन जिम्मेदार अधिकारी है जिसकी संरक्षण में 9 किलोमीटर के सफर में एक भी गाड़ी पर कार्यवाही नहीं हो रही है, कहीं ना कहीं बालोद जिला में जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन के नजरो के सामने दुर्ग भिलाई के मुरूम माफियाओं के द्वारा सारे नियम को ताक में रखकर बिना एसडीएम के परमिशन के मुरूम का परिवहन किया जा रहा है। जबकि लॉकडाउन में शासकीय एवं निजी कार्यों के लिए एसडीएम से अनुमति लेना जरूरी है।

कोरोना काल में हाथों को मिला रोजगार मुस्कुरा उठा वनांचल लोगो का परिवार

■ तेंदूपत्ता संग्रहण से छत्तीसगढ़ राज्य में ग्रामीण तथा वनांचल के लोगों को लगभग 600 करोड रुपए की हो सकती है आय प्राप्त ,

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कोरोना महामारी के इस दौर में दौर इसकेएक तरफ लॉकडाउन, बेरोजगारी तथा व्यापार और आय के साधन आम जनों में सीमित होते जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सामाजिक अर्थव्यवस्था भी डगमगा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन भूपेश बघेल एवं वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहम्मद अकबर ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य लघु वनोपज सहकारी मर्यादित संघ के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य

को निर्बाध रूप से चलाए जाने की मंशा जाहिर की है जिससे कि छत्तीसगढ़ राज्य की बृहद जनसंख्या जोकि ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में रहती है, को तेंदूपत्ता संग्रहण मजदूरी के माध्यम से तत्काल रोजगार प्राप्त हो सके जो उनके इस भीषण अल्प-आय तथा बेरोजगारी के दौर में जीवन रेखा के रूप में सहायता कर सके।

तेंदूपत्ता संग्रहण से छत्तीसगढ़ राज्य में ग्रामीण तथा वनांचल के लोगों को लगभग 600 करोड रुपए की आय प्राप्त होगी। इस कार्य में 13 लाख से ज्यादा परिवार सम्मिलित होते हैं, जो कि 14 लाख से ज्यादा मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण करते हैं।

जहां तक जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कवर्धा का सवाल है, यहां पर तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2018 में 42242 मानक बोरा, राशि रुपये 10.56 करोड़, संग्राहक परिवार संख्या 28474; वर्ष 2019 में 35411 मानक बोरा, राशि रुपये 14.16 करोड़, संग्राहक परिवार संख्या 33031; वर्ष 2020 में 20304 मानक बोरा, राशि रुपये 8.12 करोड़, संग्राहक परिवार संख्या 29310 रही। वहीं तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2021 में संग्रहण लक्ष्य 40800 मानक बोरा, राशि रुपये 16.32 करोड़ तथा संग्राहक परिवार संख्या लगभग 34000 निर्धारित किया गया है।

वर्ष 2021 तेंदूपत्ता सीजन में कुल 19 समितियों में से 12 समितियों का अग्रिम में निर्वर्तन हो चुका है। शेष 7 समितियों में विभागीय संग्रह किया जाएगा। जिला कबीरधाम की जलवायु को देखते हुए कवर्धा में तेंदूपत्ता संग्रहण 251 फड़ों में, मई माह के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ हो जाएगा। तेंदूपत्ता संग्रहण के पूर्व की समस्त तैयारियां की जा चुकी हैं।